दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली। मंगलवार 14 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 111 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# नोएडा में मजदूरों का 'महा-आक्रोश'

## आगजनी, पथराव और चक्का जाम



**नोएडा।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सोमवार को स्थिति अचानक नाजुक हो गई। दरअसल, उत्तर प्रदेश के नोएडा में कर्मचारियों की तरफ से न्यूनतम वेतन को बढ़ाने की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन अचानक उग्र हो उठे। स्थिति यह हो गई कि प्रशासन को स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल को उतारना पड़ा। इतना ही नहीं नोएडा की जिलाधिकारी मेधा रूपम को भी प्रदर्शनकारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करनी पड़ी। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के हितों को लेकर भी कंपनियों और उद्योगों को श्रम कानूनों का सही ढंग से पालन करने का निर्देश दे दिया।

दिल्ली-एनसीआर और खासकर नोएडा में अचानक भड़के इन प्रदर्शनों के बीच अब तक यह साफ नहीं है कि आखिर कर्मचारी किस बात को लेकर नाराज हैं? उनकी शिकायतें क्या-क्या हैं? हरियाणा के किस एक फैसले को लेकर यूपी के इस औद्योगिक शहर में भी हिंसक प्रदर्शन भड़क उठे?

### श्रमिकों की जायज मांगों के साथ हैं हम : पंकज सिंह



**नोएडा।** नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वे श्रमिकों की जायज मांगों के साथ हैं, लेकिन हिंसा और तोड़फोड़ का रास्ता किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मजदूरों की समस्याओं को सुना जाए और उद्योगों के साथ समन्वय बैठाकर उचित वेतन सुनिश्चित कराया जाए। पंकज सिंह ने यह भी कहा कि अराजक तत्वों को मजदूरों के आंदोलन की आड़ लेकर माहौल खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकार का प्राथमिक लक्ष्य फिलहाल स्थिति को सामान्य करना और श्रमिकों व प्रबंधन के बीच के विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाना है।

## नोएडा हिंसा के बाद एक्शन में योगी सरकार

### बनाई हाईलेवल कमेटी, हरियाणा की तर्ज पर वेतन की मांग



**नोएडा:** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने मजदूरों और उद्योग मालिकों के बीच बढ़ते गतिरोध को खत्म करने के लिए एक 'उच्च स्तरीय समाधान समिति' का गठन किया है।

औद्योगिक शांति बहाल करने के लिए बनाई गई इस कमेटी की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है। शासन ने इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जमीनी हितधारकों को भी जगह दी है: अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन)। प्रतिनिधित्व: निष्पक्ष निर्णय के लिए समिति में 5 श्रमिक संगठनों और 3 उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

सरकार का स्पष्ट मानना है कि आपसी संवाद के जरिए ही विवादों का स्थायी समाधान संभव है, ताकि भविष्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। नोएडा के गारमेंट सेक्टर और अन्य फैक्ट्रियों के कर्मचारी वेतन में भारी विसंगति का आरोप लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें पड़ोसी राज्य हरियाणा की वर्तमान मजदूरी दरों के समान वेतन दिया जाए।

**वेतन के साथ 'सम्मान' और 'सुरक्षा' पर जोर :** केवल पैसे ही नहीं, बल्कि कार्यस्थल पर शोषण को लेकर भी मजदूरों में भारी आक्रोश है। समिति के सामने श्रमिकों ने अपनी अन्य प्रमुख शर्तें भी रखी हैं।

अनियमितता का अंत: एक ही पद और कार्य के लिए अलग-अलग कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन देने की प्रथा बंद हो। नौकरी की गारंटी: बिना ठोस वैधानिक कारण के कर्मचारियों की छंटनी पर रोक लगे।

# नोएडा में उग्र प्रदर्शन पर गाजियाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन डीसीपी धवल जायसवाल की अगुवाई में हालात काबू

**सीएफओ राहुल पाल घायल, एनएच-09 पर भी कड़ी निगरानी**

**महिलाओं को आगे कर किया जा रहा था प्रदर्शन, समझाने के बाद लाठीचार्ज**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा स्थित मदरसन फैक्ट्री के बाहर हुए उग्र प्रदर्शन के दौरान गाजियाबाद पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए हालात को बिगड़ने से बचा लिया। डीसीपी नगर-मुख्यालय धवल जायसवाल अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मोर्चा संभाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों का रुख काफी आक्रामक था। कई लोग हाथों में लाठी-डंडे लिए हुए थे और महिलाओं को आगे कर प्रदर्शन किया जा रहा था, जिससे पुलिस के लिए शुरूआती कार्रवाई चुनौतीपूर्ण हो गई। हालांकि, डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले संयम दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। बार-बार अपील के बावजूद जब भीड़ शांत नहीं हुई और कुछ असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने लगे, तब पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। खास बात यह रही कि नोएडा पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही गाजियाबाद पुलिस ने स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया था। इस पूरे ऑपरेशन में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक, एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय, एसीपी सूर्यबलि मौर्य समेत कई थाना प्रभारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई और पुलिस बल के साथ मिलकर हालात को संभाला। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल भी घायल हो गए, जो हालात की गंभीरता को दर्शाता है। घटना के बाद डीसीपी धवल जायसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए तुरंत एनएच-09 स्थित सेक्टर-62 कट, थाना इंदिरापुरम क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम और पुलिस बल के साथ क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## नोएडा हिंसा के बाद गाजियाबाद में लगा भीषण जाम

**- यूपी गेट से हिंडन तक यातायात प्रभावित, एडवाइजरी भी रही बेअसर**



गाजियाबाद, करंट क्राइम : नोएडा में हुई हिंसा का असर सोमवार को पूरे दिल्ली-एनसीआर की यातायात व्यवस्था पर देखने को मिला। नोएडा से सटे गाजियाबाद के कई इलाकों में सुबह से लेकर शाम तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हिंडन क्षेत्र से लेकर यूपी गेट बॉर्डर, साहिबाबाद और जीटी रोड समेत एनएच-09 पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। ऑफिस जाने वाले लोगों से लेकर स्कूली बच्चों और मरीजों तक, सभी को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों की देरी झेलनी पड़ी। जाम के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई। कई जगहों पर हालात ऐसे रहे कि लोग अपने परिजनों को फोन कर देरी की जानकारी देते रहे और सड़क पर फंसे नजर आए। यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने सोशल मीडिया के जरिए रूट डायवर्जन और एडवाइजरी जारी की, लेकिन तब तक हालात काफी बिगड़ चुके थे। देर से मिली जानकारी और भारी ट्रैफिक दबाव के चलते एडवाइजरी का असर सीमित ही रहा। स्थिति सामान्य करने के लिए पुलिस बल को कई स्थानों पर तैनात किया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सुचारू हो सका, लेकिन पूरे दिन लोगों को जाम की मार झेलनी पड़ी।

# खुले नाले बने मौत का जाल, कोतवाली क्षेत्र में नाले में गिरकर युवक की मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में खुले नाले अब लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र का है, जहां सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाले से बरामद हुआ।

शुरूआती जांच में पुलिस इसे दुर्घटना मान रही है, लेकिन स्थानीय लोग और जानकार इसे सीधी लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जैन नगर पंचवटी के बाहर स्थित खुले नाले में एक व्यक्ति गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों का कहना है कि यदि नाले ढके होते या सुरक्षा इंतजाम होते, तो यह हादसा टल सकता था। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी इसी तरह की घटना में एक व्यक्ति स्कूटर से टक्कर लगने के बाद नाले में गिर गया था, जिसमें उसकी जान चली गई थी। इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

## फिर लापरवाही पर उठे सवाल




### जिलाधिकारी के निर्देश का नहीं हो रहा असर

करंट क्राइम : कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा नालों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया गया था। दावा किया गया था कि खुले नालों को ढका जाएगा और सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के कई इलाकों में नाले आज भी खुले पड़े हैं और कहीं भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आती।

**नेहरू नगर से कलेक्ट्रेट तक एक जैसा खतरनाक हाल :** सोमवार को दैनिक करंट क्राइम टीम ने शहर के कई संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। नेहरू नगर, वाल्मीकि पार्क, नवयुग मार्केट और कलेक्ट्रेट के पास नाले खुले मिले। यशोदा अस्पताल के निकट और जिला मुख्यालय के आसपास भी स्थिति बेहद खराब पाई गई। कहीं रेलिंग नहीं, कहीं ढक्कन नहीं यानी हर कदम पर खतरा ही खतरा।

### कवि नगर, मेरठ रोड और एप्पल ट्री क्षेत्र भी बेहाल




करंट क्राइम : जांच के दौरान कवि नगर, मेरठ रोड और राजनगर स्थित एप्पल ट्री के पास भी नालों की स्थिति चिंताजनक मिली। नाले खुले होने के साथ-साथ गंदगी से लबालब भरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वर्षों से इनकी सफाई तक नहीं हुई हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन नालों में गिरने के बाद किसी के बचने की संभावना बेहद कम होती है, क्योंकि अंदर कूड़ा, कीचड़ और जहरीली गैसें भरी रहती हैं।

### लापरवाही बन रही मौत की वजह



करंट क्राइम : एक तरफ खुले नाले लोगों के लिए सीधा खतरा बने हुए हैं, तो दूसरी तरफ उनमें भरी गंदगी और कूड़ा मौत को और भी आसान बना देता है। ऐसे हालात में अगर कोई व्यक्ति नाले में गिर जाए, तो उसका बचना लगभग नामुमकिन हो जाता है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। क्या हर हादसे के बाद सिर्फ कागजी कार्रवाई ही होगी, क्या किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है। शहरवासियों ने मांग की है कि खुले नालों को तुरंत ढका जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# नोएडा हिंसा और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर पुलिस अलर्ट, गाजियाबाद के कई कोतवाल नोएडा में तैनात




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा में हाल ही में हुई हिंसा के बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। सोमवार को जहां डीसीपी सिटी ने एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर स्थिति का जायजा लिया, वहीं 14 अप्रैल को होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सभी जोन के डीसीपी और एसीपी अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। खासतौर पर सोशल मीडिया और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस और खुफिया तंत्र को एक्टिव कर दिया गया है, ताकि अफवाहों और भड़काऊ गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सूत्रों के अनुसार, नोएडा में बिगड़े हालात को देखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट के चार थाना प्रभारियों को पहले ही वहां तैनात किया गया है। इनमें खोड़ा थाना प्रभारी नरेश शर्मा, मुरादनगर थानाध्यक्ष अंकित चौहान, वेव सिटी थानाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह और लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी शामिल हैं। इसके अलावा एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह भी पूरे मामले में समन्वय स्थापित करने में जुटे हुए हैं।

### खुफिया तंत्र किया गया अलर्ट

करंट क्राइम : वहीं, 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पुलिस की खास नजर रहेगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकलने वाली रैलियों, शोभायात्राओं और अन्य आयोजनों पर पुलिस, प्रशासन और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट की संयुक्त निगरानी रहेगी। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में मौजूद रहने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी और उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 82 गांवों को एचपीडीए में शामिल करने की मांग तेज, रमेश चंद तोमर ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हापुड़ जनपद के 82 राजस्व ग्रामों को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब फिर से सुर्खियों में आ गई है। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इन गांवों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से हटाकर हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण में शामिल करने की मांग की है।






रमेश चंद तोमर ने अपने पत्र में बताया कि वर्ष 2006 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा हापुड़ जनपद के 82 राजस्व ग्राम अधिसूचित किए गए थे, जिनमें 70 ग्राम धौलाना क्षेत्र के और 12 ग्राम हापुड़ तहसील के हैं। उन्होंने कहा कि अधिसूचना के बाद से इन गांवों में विकास कार्य ठप पड़े हैं और लोगों को बुनियादी अनुमति तक नहीं मिल पा रही है।

पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा धारा-80 के तहत अनुमति नहीं दिए जाने से क्षेत्र के किसान और उद्यमी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में 254 लोगों ने करीब 150 हेक्टेयर भूमि के लिए धारा-80 की अनुमति मांगी, लेकिन किसी को भी अनुमति नहीं मिली।

उन्होंने यह भी कहा कि UP Invest Summit के दौरान इस क्षेत्र में 13 इकाइयों द्वारा करीब 1100 करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, लेकिन धारा-80 की अनुमति न मिलने के कारण कई संभावित निवेशक पीछे हट गए। इससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बड़ा झटका लगा है।

रमेश चंद तोमर ने महायोजना 2041 का हवाला देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के कुछ हिस्से को कृषि और कुछ को आईटी सेक्टर के रूप में दशार्या गया है, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां के अधिकांश लोग किसान और पिछड़े वर्ग से जुड़े हैं, इसलिए क्षेत्र को कृषि और औद्योगिक गतिविधियों के अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए।

पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जनहित को देखते हुए इन 82 राजस्व ग्रामों को ल्ढऊ्अ हापुड़ में शामिल किया जाए, ताकि क्षेत्र के विकास को गति मिल सके और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

# अंबेडकर जयंती पर गाजियाबाद में ट्रैफिक अलर्ट शाम चार बजे से रहेगा रूट डायवर्जन लागू

**- कई इलाकों में रहेगा रूट डायवर्जन**








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के चलते यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस ने कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू करने की जानकारी देते हुए आमजन से सतर्क रहने और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है। यह शोभायात्रा सायं चार बजे थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क, नवयुग मार्केट से शुरू होकर नगर निगम कार्यालय, लाजपत नगर-लालमन लस्सी वाला रोड, पुराना बस अड्डा, मालीवाड़ा चौक, कल्लूपुरा, डासना गेट, रमतेराम रोड, दिल्ली जूस कॉर्नर, कीर्तन वाली गली, बजरिया, घंटाघर, चौपला मंदिर और सिहानी गेट बाजार होते हुए पुन अंबेडकर पार्क पर समाप्त होगी।

पुलिस के अनुसार शोभायात्रा में करीब 1500 से 2000 लोग, 70 से 80 रैली, 8 बैंड और डीजे व ढोल-ताशा दल शामिल रहेंगे, जिससे इन मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ना तय है। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शोभायात्रा के दौरान इन सभी मार्गों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी और जरूरत के अनुसार वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया जा सकता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से इन मार्गों पर न जाएं, वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें और घर से निकलने से पहले ट्रैफिक की ताजा स्थिति जरूर जांच लें। इसके साथ ही शहर, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के चलते पूरे दिन यातायात प्रभावित रहने की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग और ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील की है।



# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन : 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक है महिला आरक्षण : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन ऐसे समय में किया जा रहा है जब सरकार ने आगामी 16-18 अप्रैल तक तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गायन के साथ हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोलते हुए और महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, " देश की विकास यात्रा के अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है। यह फैसला नारी शक्ति को और नारी शक्ति वंदन को समर्पित है। हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। यह इतिहास अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।"

पीएम मोदी ने कहा, "यह एक ऐसे समतामूलक भारत के निर्माण का संकल्प है, जहां सामाजिक न्याय सिर्फ नारा नहीं हो। लेकिन हमारी कार्यसंस्कृति, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है।"

उन्होंने आगे कहा, "2023 में नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक का आयोजन होने जा रहा है।

आज इस कार्यक्रम के जरिए हमें देश की कोटि-कोटि माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है।" उन्होंने कहा कि मैं भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है। इश विमर्श को चार दशक यानी चालीस साल बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कई पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं।

2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब सभी दलों ने एक सुर में इसे पारित कराया था। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान महिलाओं को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में विदेश मंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक के बड़े पदों पर महिलाएं रहीं। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि मोदी सरकार के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे भी काम करने का मौका मिला है।

## बहेड़ी इलाके में आग लगने से 200 बीघा गेहूं की फसल राख

**बरेली।** बरेली के बहेड़ी तहसील क्षेत्र के सिगौती गांव में सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गेहूं के खेतों में अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में लगभग 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण अग्निकांड से पूरे इलाके में हाहाकार मच गया और किसानों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए, बहेड़ी के अलावा बरेली और किच्छा से भी अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं।

## केजरीवाल ने हाईकोर्ट में सीबीआई की याचिका पर रखी अपनी बात

# कहा, मैं न्यायमूर्ति की इज्जत करता हूं...



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शराब नीति मामले में सीबीआई की याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने कोर्ट रूम में अपना पक्ष खुद रखा। वहीं सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू भी अदालत में मौजूद रहे। जानकारी के लिए बता दें कि कोर्ट रूम में वकीलों की भीड़ बहुत ज्यादा है।

केजरीवाल ने कोर्ट को संबोधित करना शुरू कर दिया है। केजरीवाल ने कहा मैं निजी तौर पर न्यायमूर्ति की इज्जत करता हूं और न्यायालय की भी इज्जत करता हूं। इस पर बेंच ने कहा कि सम्मान पारस्परिक है। आप मुद्दे पर रहकर बोले। इसके बाद केजरीवाल ने कहा कि मैं एक आरोपी की तरह यहां खड़ा हूं। हालांकि ट्रायल कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है। इसके बाद बेंच ने कहा कि आप जज हटाने के मामले पर अपना संबोधन रखें।

अरविंद केजरीवाल- मैं निजी तौर पर न्यायमूर्ति की इज्जत करता हूं और न्यायालय की भी इज्जत करता हूं।

बेंचः सम्मान पारस्परिक है। आप मुदे पर रहकर बोले।

केजरीवालः मैं एक आरोपी की तरह यहां खड़ा हूं, हालांकि ट्रायल कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है।

बेंचः आप जज हटाने के मामले पर अपना संबोधन रखें।

सुनवाई के दौरान अदालत में नोट किया कि एक वकील केजरीवाल को असिस्ट कर रहे हैं। अदालत ने वकील से कहा कि केजरीवाल खुद कह चुके हैं कि उन्होंने किसी वकील को असाइन नहीं किया है, आप यहां प्रोक्सी नहीं कर सकते है। बेंच ने केजरीवाल से कहा- आप जज रिक्यूजल पर अपना पक्ष रखें।

केजरीवालः मैडम आप मेरी बात सुन लीजिए। बेंच : सुनाइये

केजरीवाल- 9 मार्च को ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर अदालत ने बिना किसी प्रतिवादी की मौजूदगी में आदेश पारित कर दिया।

# नोएडा में मजूदरों का 'महा-आक्रोश' आगजनी, पथराव और चक्का जाम







**नोएडा।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सोमवार को स्थिति अचानक नाजुक हो गई। दरअसल, उत्तर प्रदेश के नोएडा में कर्मचारियों की तरफ से न्यूनतम वेतन को बढ़ाने की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन अचानक उग्र हो उठे। स्थिति यह हो गई कि प्रशासन को स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल को उतारना पड़ा। इतना ही नहीं नोएडा की जिलाधिकारी मेधा रूपम को भी प्रदर्शनकारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करनी पड़ी। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के हितों को लेकर भी कंपनियों और उद्योगों को श्रम कानूनों का सही ढंग से पालन करने का निर्देश दे दिया।

दिल्ली-एनसीआर और खासकर नोएडा में अचानक भड़के इन प्रदर्शनों के बीच अब तक यह साफ नहीं है कि आखिर कर्मचारी किस बात को लेकर नाराज हैं? उनकी शिकायतें क्या-क्या हैं? हरियाणा के किस एक फैसले को लेकर यूपी के इस औद्योगिक शहर में भी हिंसक प्रदर्शन भड़क उठे? बीते दो-तीन दिनों में इसे लेकर राज्य में किस तरह स्थितियां बदली हैं? और आखिर में श्रम कानून के तहत फैक्टरियों और उद्योगों के लिए कर्मचारियों को किस तरह की सुविधा मुहैया कराना जरूरी है?

**नोएडा में कर्मचारियों की क्या हैं शिकायतें? :** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में निजी कंपनियों (खासकर परिधान निर्यात इकाइयों) के कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन के बीच अमर उजाला ने प्रदर्शनकारी कर्मियों से बात भी की। इसमें सामने आया कि यूपी में फैक्टरियों की तरफ से कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम दिया जा रहा है। उनकी नाराजगी के मुख्य कारण वेतन में भारी असमानता और खराब कामकाजी परिस्थितियां हैं, वह भी ऐसे समय में जब महंगाई दर में तेज बढ़ोतरी हुई है।

कर्मचारी बढ़ती लागत और एलपीजी सिलेंडर जैसी जरूरी चीजों के महंगे होने से आर्थिक रूप से परेशान हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शन के शुरूआती दिनों में जब पुलिस ने अधिकारियों से बातचीत कराने का वादा किया था, तब अधिकारियों के न पहुंचने से कर्मचारियों का गुस्सा और भड़क गया। इस बीच जब प्रशासन ने प्रदर्शनों के बीच किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिसबल की तैनाती की तो प्रदर्शनकारियों का पुलिसकर्मियों से भी आमना-सामना हो गया। इसके बाद स्थिति और ज्यादा तनावपूर्ण और हिंसक हो गई। कुछ जगहों पर गाड़ियों में आगजनी की खबरें हैं। इनमें एक पुलिस जीप फूंके जाने की भी खबर सामने आई है।

**कर्मचारियों की प्रमुख शिकायतें और मांगें :** समान वेतनः कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उनका वेतन बढ़ाकर बेहतर किया जाए। अधिकतर कर्मचारियों ने कहा है कि हरियाणा में हाल ही में कर्मचारियों के वेतन में करीब 35 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। ऐसी ही कुछ मांग अब यूपी में भी की जा रही है।

ओवरटाइम और बोनसः कर्मचारियों की मांग है कि फैक्टरी और उद्योगों से नए श्रम कानूनों के तहत अतिरिक्त काम करने पर दोगुनी दर से भुगतान सुनिश्चित कराया जाए और नियमानुसार बोनस सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाए।

समय पर वेतन और सैलरी स्लिपः कर्मियों ने यह भी कहा है कि हर महीने की 10 तारीख तक कर्मचारियों को उनका वेतन दे दिया जाए और सभी को अनिवार्य रूप से सैलरी स्लिप मिलनी चाहिए। यानी श्रम कानून के एक और नियम का कड़ाई से पालन हो। कर्मचारियों की एक बड़ी शिकायत यह भी है कि उनके वेतन से मनमाफिक कटौती की जाती है, जिस पर रोक लगनी चाहिए।

# बिहार में बदलाव की तैयारी

## भाजपा तय करेगी मुख्यमंत्री का चेहरा



**पटना।** दो दिन बाद यानी 15 अप्रैल को बिहार में नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पार्टी दफ्तार से लेकर राजभवन तक इसकी तैयारी चल रही है। आज केवल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर बैठक हुई। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर हाईलेवल मीटिंग चली। इसमें जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, जमा खान मौजूद थे। सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक की। इसमें 14 अप्रैल को होने वाली एनडीए की विधायक दल की बैठक और जदयू कोटे से बनने वाले मंत्री और निशांत कुमार को लेकर बातचीत हुई।

बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने साफ कहा कि 15 अप्रैल को ही नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसकी तैयारी चल

## भाषण नहीं लोगों का दर्द भी सुनें : अखिलेश

**लखनऊः** सीएम योगी के मुजफ्फरनगर दौरे पर अखिलेश का तंज, मेरठ जाने की दी सलाह, कहा- समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के मुजफ्फरनगर दौरे को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री मुजफ्फरनगर जा रहे हैं तो उन्हें मेरठ में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों से भी मिलना चाहिए या कम से कम उन्हें मिलने के लिए बुलाना चाहिए।

सपा प्रमुख ने अपने पोस्ट में कहा कि जब इतनी गाड़ियों से भीड़ बुलाई जा रही है तो मेरठ के दुखी परिवारों को भी बुलाया जाना चाहिए, ताकि वे अपना दर्द सीधे मुख्यमंत्री के सामने रख सकें। अखिलेश यादव ने कहा कि मुजफ्फरनगर और मेरठ के बीच ज्यादा दूरी नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री को मेरठ के व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुननी चाहिए।

## बीरभूम में गरजे अमित शाह, कहा-

# पांच मई को बंगाल में बनने वाली है भाजपा की सरकार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गृहमंत्री अमित शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में पांच मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। मैं पूरे बंगाल में घूमता हुआ बीरभूम आया हूं। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय बंगाल की जनता ने ले लिया है। शाह ने कहा कि इस बार बीरभूम को एक रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सभी 11 सीटें भाजपा को दें और राज्य में भाजपा सरकार बनाएं।

ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी और भय का जवाब भरोसे से देगी। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बैलेट मशीन पर कमल का निशान दबाइए, ममता के सारे गुंडों को ढूंढने का काम भाजपा की सरकार करेगी। गृहमंत्री ने कटमनी और सिंडिकेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

# पवन खेड़ा के समर्थन में बोले राहुल असम सीएम पर गंभीर आरोप भी लगाए



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लेकर चल रही सियासत के बीच अब लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है और किसी भी तरह के दबाव या डर से पीछे नहीं हटेगी। यह बयान उस समय आया है जब असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पवन खेड़ा को मिली ट्रांजिट अग्रिम जमानत को चुनौती दी है। इस पूरे मामले को ऐसे समझिए कि 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट ने पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी।

खेड़ा ने यह राहत इसलिए मांगी थी क्योंकि असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित उनके घर पहुंची थी, लेकिन वह वहां नहीं मिले। बता दें कि ये पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बीते पांच अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई। हालांकि, हिमंता बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह झूठा और मनगढ़ंत बताया है।

अब इस मामले में राहुल गांधी ने खुलकर पवन खेड़ा का समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि असम के वर्तमान मुख्यमंत्री देश के सबसे भ्रष्ट नेताओं में से एक हैं और वे कानून से बच नहीं पाएंगे।

# सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर: तमिलनाडु-कर्नाटक में अल-कायदा से जुड़े संगठन की हलचल



**नई दिल्ली।** भारत की सुरक्षा एजेंसियां दक्षिण भारत में अल-कायदा से जुड़े संगठन बेस मूवमेंट की संभावित पुनर्सक्रियता को लेकर सतर्क हो गई हैं। खुफिया इनपुट के अनुसार, 2015-16 के दौरान सक्रिय रहा यह संगठन, जिसने न्यायपालिका और पुलिस को निशाना बनाते हुए कम तीव्रता के विस्फोट किए थे, अब फिर से संगठित होने की कोशिश कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, संगठन के कई सदस्य अब भी ऑनलाइन सक्रिय हैं और खासतौर पर तमिलनाडु और कर्नाटक में दोबारा नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। हालिया संकेतों से पता चलता है कि पहले गिरफ्तारी से बच निकले सदस्य फिर से आपस में संपर्क साध रहे हैं और फिलहाल उनका फोकस ऑनलाइन प्रोपेगैंडा नेटवर्क तैयार करने पर है। अधिकारियों का कहना है कि अभी तत्काल किसी जमीनी कार्रवाई की योजना नहीं दिख रही है। संगठन फिलहाल डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए संदेश फैलाने और लोगों को प्रभावित करने की रणनीति अपना रहा है। इसका उद्देश्य एक ओर सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचना है, तो दूसरी ओर धीरे-धीरे युवाओं में कट्टरता बढ़ाना भी है।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि यह गतिविधि ऐसे समय में बढ़ रही है जब दक्षिण भारत में अल-उम्माह के भी सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। 1998 के कोयंबटूर सीरियल ब्लास्ट के लिए जिम्मेदार इस संगठन के पुनर्जीवन की कोशिशें पाकिस्तान से संचालित मानी जा रही हैं। इसका मौजूदा अभियान बाबरी मस्जिद को फिर से बनाने की शपथ जैसे नारों पर केंद्रित है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) पहले ही अल-उम्माह और बेस मूवमेंट के बीच संबंधों की पुष्टि कर चुकी है। हालांकि इस बार दोनों संगठनों के अलग-अलग तरीके से काम करने की संभावना जताई जा रही है।

जहां अल-उम्माह का फोकस सांप्रदायिक मुद्दों पर है, वहीं बेस मूवमेंट न्यायपालिका, पुलिस और अफजल गुरु, अब्दुल नासर मदनी तथा कश्मीरी मुद्दों जैसे विषयों के जरिए युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

## राजनाथ सिंह ने किया सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 'सांसद खेल महाकुंभ 2026' का शुभारंभ सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने रक्षा मंत्री के सामने खेलों की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के विकास का पैमाना केवल जीडीपी नहीं, बल्कि खेलों में प्रदर्शन भी है। ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण देते हुए उन्होंने समाज में खेलों के प्रति जुनून और खिलाड़ियों के सम्मान बढ़ाने पर जोर दिया। भरोसा दिलाया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष और भी बेहतर स्वरूप में आयोजित होती रहेगी। इस मौके पर मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि अब प्रदेश में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि रोजगार की गारंटी है। ओलंपिक, एशियन गेम्स या विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे सरकारी सेवा में नियुक्त किया जाएगा।

# जलियांवाला बाग के बलिदानियों को नमन राष्ट्रपति मूर्मु और पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि





**नई दिल्ली।** जलियांवाला बाग नरसंहार की बरसी पर पूरा देश प्राणों की आहुति देने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने बलिदानियों को नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि जलियांवाला बाग में प्राण न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान देशवासियों में आजादी के प्रति नई चेतना और दृढ़ संकल्प का संचार करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेगा और उनकी देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान भारत की अदम्य भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीदों का साहस, त्याग और संकल्प आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। एक अन्य संदेश में पीएम मोदी ने जलियांवाला बाग नरसंहार को विदेशी शासन की बर्बरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि शहीदों की वीरता की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत सुभाषितम्‌ भी साझा किया, जिसमें समाज में सकारात्मक, राष्ट्रनिर्माण करने वाली शक्तियों को बढ़ावा देने और विभाजनकारी तथा अन्यायपूर्ण तत्वों का दृढ़ता से विरोध करने का संदेश दिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में निहत्थे लोगों पर की गई अंधाधुंध गोलीबारी ने अंग्रेजी हुकूमत का अमानवीय चेहरा उजागर कर दिया था।

# ठाणे में सड़क हादसा: सीमेंट मिक्सर और वैन की सीधी भिड़ंत, 11 की मौत



**ठाणे।** महाराष्ट्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि राज्य के ठाणे जिले में एक पुल पर सीमेंट मिक्सर से एक वाहन टकराने से 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस ने तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस की ओर से दुर्घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। हादसे के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम हो गया था। पुलिस उसे भी खुलवाने की कोशिश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बचाव दल और चिकित्सा टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। घायलों को अस्पताल ले जाने और शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक भयावह सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक वैन और सीमेंट मिक्सर की टक्कर हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे मुरबाड के गोविली गांव में रैता पुल पर हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर से वैन की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर की भयावहता इतनी अधिक थी कि वैन में सवार कम से कम 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार को दुर्घटना का एक संभावित कारण माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयावह था कि दुर्घटना के बाद लोगों को बचाने के लिए निकालने में दहशत हो रही थी।

## श्रीराम जन्मभूमि समेत परिसर के सभी मंदिरों में दर्शन शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत राम जन्मभूमि परिसर के सभी मंदिरों, मंडपों और उपासना स्थलों में सोमवार से दर्शन प्रारंभ हो गए।

अब श्रद्धालु निर्धारित पास व्यवस्था के माध्यम से परिसर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे।

ट्रस्ट की ओर से तय संख्या के अनुसार, श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है, ताकि दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रहे और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। इसके लिए श्रद्धालुओं को पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कादर खान व उसकी पत्नी श्रीमती शबनम को उनके द्वारा किए गए गलत कृत्य व व्यवहार के कारण उनको अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थी नवाब पुत्र रफीक

निवासी- झील वाली मस्जिद, कच्ची सराय, आर्य नगर, थाना-मुरादनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

14 April -26 page 3 13-04-26 10:48 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# खोड़ा नगर पालिका चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा ने रखी अपनी उपलब्धियों की बात
# साधा अधिकारियों की कार्यशैली पर निशाना और बताई एक-एक करके कई बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा नगर पालिका की चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता की और उन्होंने खोड़ा नगर पालिका के अपने चेयरमैन काल में कराये गये कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने यहां सत्ताधारी दल के नेताओं पर आरोप लगाये और उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। मोहिनी शर्मा एक राजनीतिक व्यक्तित्व हैं। वो खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन बनने से पहले यहीं से सदस्य भी रहीं है। वो खोड़ा की राजनीति में पहले से एक्टिव हैं। उनके पति अमरपाल शर्मा साहिबाबाद विधानसभा सीट से पहले विधायक हैं और अपने कार्यकाल में उन्हें बेस्ट एमएलए का अवार्ड भी मिला था। मोहिनी शर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस की और उन्होंने यहां पहले उपलब्धियों का जिक्र किया और फिर तार्किक रूप से येभी कहा कि किसी नगर नगर पालिका में किसी विधानसभा या लोकसभा का जनप्रतिनिधि कौन से कार्य का उद्घाटन कर सकता है। मोहिनी शर्मा ने विकास की जानकारी दी।



## 20 करोड़ की लागत से लगाये गये हैं ट्यूबवैल



करंट क्राइम। मोहिनी शर्मा ने खोड़ा की पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में चार ट्यूबवैल लगाये गये हैं। मोहिनी शर्मा ने इन ट्यूबवैल का उद्घाटन किया और बताया कि 20 करोड़ की लागत से ये ट्यूबवैल लगाये गये हैं और इससे खोड़ा के लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान होगा। इसके लिए तीन किलोमीटर लंबी लाईन भी बिछाई गई है।

## पूरा किया जनता से वादा मगर अधिकारी ने पहुंचाई थी बाधा

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने कहा कि चार ट्यूबवैल लगवाकर हमने जनता से किया वादा पूरा किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में अधिकारियों ने बाधा पहुंचाने का काम किया। उन्होंने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाये और कहा कि जानबूझकर प्रस्ताव पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि एक साल तक तो मौजूदा सरकार ने काम ही नहीं शुरू होने दिया। मोहिनी शर्मा ने आरोप लगाया कि पेयजल वाले ट्यूबवैल का प्रस्ताव 9 नवंबर 2023 को ही दे दिया गया था। लेकिन तत्कालीन अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने इसे पास नहीं होने दिया। एसटीपी को लेकर काम चल रहा था और यहां रास्ते की अड़चन डालकर काम रूकवाने की कोशिश की गई। लेकिन हमारे प्रयासों से अब 15 फीट का रास्ता दिया गया है और अब काम चल रहा है।

## जब हम करेंगे इन्वाईट तब कर सकते हैं वो उद्घाटन

करंट क्राइम। खोड़ा में ट्यूबवैल लगे और इसका उद्घाटन करने के लिए कैबिनेट मंत्री को निमंत्रण दिया गया। खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा को जब यह खबर लगी तो उन्होंने सबसे पहले अपने क्षेत्र में लगाये गये इन ट्यूबवैल का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने पालिका एक्ट की बात की और कहा कि नगर पालिका का कोई भी कार्य है तो



उसका उद्घाटन नगर पालिका के चेयरमेन पद पर बैठा व्यक्ति कर सकता है। लेकिन किसी भी विधायक को नगर पालिका किसी काम का उद्घाटन का कोई प्रावधान नहीं है। मोहिनी शर्मा ने यहां साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम उद्घाटन करने वालों की सूची में होने के बाद हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास मंत्री एके शर्मा उद्घाटन करने आते तो एक बार को माना भी जा सकता था लेकिन दूसरे विभाग के कैबिनेट मंत्री क्यों यहां उद्घाटन करने आ रहे हैं।

## चेयर पर्सन ने अपने लिए नहीं खरीदी है एक चेयर

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने कहा कि हमने नगर पालिका परिषद की आय बढ़ाई है। संसाधनों पर काम किया है और जन सुविधाओं पर काम किया है। उन्होंने कहा कि ये जानकर किसी को हैरान हो सकती है कि खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने अपने लिए आज तक एक चेयर भी नहीं खरीदी है।

**कैबिनेट मंत्री पहले अपनी विकास निधि को तो कर लें खर्च :** खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा सोमवार को एक एक करके सभी बातें रख रहीं थी। उन्होंने कहा कि खोड़ा के पेयजल की फ्रिक है लेकिन कैबिनेट मंत्री भी अपनी निधि पूरी खर्च नहीं कर पाये। उसका कोई जिक्र नही है। चेयरपर्सन ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अपनी निधि खर्च नहीं कर पाये और अब खोड़ा में उद्घाटन करने आ रहे हैं।

## चेयरमैन बना सकते हैं प्लान मगर लागू करना अधिकारियों का काम

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने ये आरोप लगाये कि जो प्रस्ताव उन्होंने दिये, उन्हें जानबूझकर नगर पालिका अधिकारियों ने बाधा पहुंचाई। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन होने के नाते मैं योजना बना सकती हूं लेकिन उसे लागू करना अधिकारियों का काम है। उन्होंने कहा कि जहां तक निमंत्रण का प्रश्न है तो यह अधिकार चेयर पर्सन के पास है कि वो उद्घाटन समारोह में किसे बुलाते हैं। चेयर पर्सन के निमंत्रण के बाद भी यहां जनप्रतिनिधि आ सकते हैं।

## मोहिनी शर्मा ने लगाये अवैध निर्माण और अवैध कब्जे के आरोप

करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने कहा खोड़ा में 6 मंहिला इमारतों का निर्माण हो रहा है। इन इमारतों का कोई नक्शा पास नहीं है। इन निर्माणों की कोई परमीशन नही है। उन्होंने आंशका जताई कि खोड़ा में किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने अवैध कब्जे को लेकर भी आरोप लगाये और कहा कि यहां खसरा नंबर 1226 और 1227 पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

**मोहिनी शर्मा ने किया वीके सिंह को याद :** विकास की बात चल रही थी और यहां स्वच्छ राजनीति का संदेश देते हुए खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने पूर्व सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह याद किया। उन्होंने कहा कि यह चार ट्यूबवैल 15वें वित्त आयोग की राशि से लगाये गये हैं। अमृत योजना के तहत ये काम चल रहा है। यहां उन्होंने जनरल वीके सिंह को याद करते हुए कहा कि जब खोड़ा की जनता के लिए ये ट्यूबवैल का प्रस्ताव था तो तत्कालीन सांसद जनरल वीके सिंह ने विकास के इस काम में जनहित के लिए हमारा सहयोग किया था।

**स्कूल और डिस्पेंसरी का क्यों नहीं करा लिया अधिकारी ने उद्घाटन :** उद्घाटन वाली पोलिटिक्स को लेकर खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा के निशाने पर खोड़ा नगर पालिका के अधिकारी रहे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका का एक्ट उद्घाटन के लिए क्या कहता है। नगर पालिका के चेयरपर्सन के क्या अधिकार हैं और फिर यहां उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में दो सकूल भी हैं और एक डिस्पेंसरी भी है। इनका भी विकास हुआ है लेकिन किसी अधिकारी ने ये नहीं कहा कि मंत्री जी इनका भी उद्घाटन कर लो। ट्यूबवैल के उद्घाटन पर ही क्यों जोर है।

# क्या रहेगा 2027 में विधानसभा का चुनावी ट्विस्ट
# भाजपा का वैश्य चेहरा कौन-सी सीट पर होगा फिक्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनावी समीकरण तय हो रहे हैं। उससे पहले संगठन के सारे समीकरण जातीय आधार पर हैं। अब चर्चा इस बात को लेकर शुरू हो गई है कि आखिर भाजपा कौन सी विधानसभा सीट पर वैश्य चेहरे को फिक्स करेगी। वैश्य समाज अपनी भागीदारी की मांग कर रहा है और यहां वैश्य की एक लॉबी ने ये माहौल बनाना शुरू कर दिया है कि उन्हें विधानसभा में भागीदारी नहीं




मिली है। उनके समाज का कोई भी नेता विधानसभा सदस्य नहीं है। वो अब इस आवाज को दूसरे तरीके से उठा रहे हैं। वो लगातार ये बताते हैं कि मुरादनगर सीट पर वैश्य मतदाताओं की संख्या इतने लाख है। इसके बाद खामोशी है और ये खामोशी ही ये संदेश देती है कि जब हमारी इतनी वोट हैं तो फिर हमारा उम्मीदवार चुनने में क्या खोट है। शहर की एक लॉबी बताती है कि लाईन के उस पार और लाईन के इस पार वैश्य समाज की इतनी वोट है। साहिबाबाद विधानसभा के आंकड़ों को लेकर आवाज उठती है। सवाल यही है कि जब विधानसभा का चुनावी चक्र आयेगा तो यहां वैश्य समाज का कौन सा चेहरा प्रमुखता के साथ दावेदारी में उभर कर आयेगा।

## तीन सीटों पर कहां बनेगी वैश्य दावेदारी की बात

करंट क्राइम। कहा ये भी जा रहा है कि जिन्हें विधानसभा का टिकट नहीं मिला है क्या वो अब लोकसभा में दावेदारी करेंगे। फिलहाल 2027 पर नजर है और ऐसे में ये भी माना जा रहा है कि जो खुद को लोकसभा का दावेदार मान रहे थे वो भी विधानसभा के दावेदार हो जायेंगे। ऐसे में शहर सीट से लेकर साहिबाबाद और मुरादनगर पर कहां ये समीकरण फिक्स होगा।

क्योंकि सभी सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। शहर सीट पर संजीव शर्मा है तो साहिबाबाद सीट पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा है। मुरादनगर सीट पर अजीत पाल त्यागी हैं। ऐसे में भाजपा किस सीट पर वैश्य समीकरण को फिक्स करेगी।

## मयंक गोयल, ललित जायसवाल और पवन गोयल के अलावा और कौन है नाम



करंट क्राइम। वैश्य समाज की बात करें तो यहां भाजपा के वर्तमान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का नाम शहर सीट से दावेदारी में आता है। मयंक गोयल मुरादनगर में भी वैश्य मतदाताओं की संख्या बता चुके हैं। कार्यकर्ता वाला प्रोफाईल है और संघ से लेकर संगठन तक उनका असर है। वैश्य समाज का ये चेहरा भाजपा की किसी सीट पर फिक्स हो सकता है। जब जब 2027 के चुनावी रण का जिक्र आता है तो यहां सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का नाम आने लगा है। हालांकि ललित जायसवाल ने कभी अपने श्रीमुख से दावेदारी नहीं की है। लेकिन जो लोग उनके संबंधों का नेटवर्क जानते हैं वो ये भी जानते हैं कि ये चेहरा कभी भी हैरान कर सकता है। ललित जायसवाल का समाजिक प्रोफाईल प्रतिष्ठित है। वो हिंदी भवन के अध्यक्ष हैं। वो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन है वो कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हैं और दर्जनों समाजिक संस्थाओं से जुड़े है। विवादों से दूर रहते हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में आगे रहते हैं। यहां पर एक तीसरा नाम पवन गोयल का भी आता है। पवन गोयल पुराने कार्यकर्ता हैं सक्रिय रहते हैं और विधानसभा की दावेदारी में है। ये नाम पहले भी चला है। दावेदारी में इस नाम को भी मजबूत माना जा रहा है।

## सांसद अतुल गर्ग का मानना बहुत मिला वैश्य समाज को



करंट क्राइम। अतुल गर्ग एक ऐसे वैश्य नेता हैं जिन्हें पोलिटिक्स में जबरदस्त प्रमोशन मिला। उनके पिता स्वर्गीय डीसी गर्ग दो बार मेयर रहे हैं। अतुल गर्ग शहर सीट से विधायक रहे। वो प्रदेश सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे। वो खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे और वो ऐसे वैश्य नेता हैं जिन्हें सिटिंग एमपी का टिकट काटकर लोकसभा का टिकट दिया। अब वो लोकसभा सांसद हैं। अतुल गर्ग मानते हैं कि वैश्य समाज को बहुत कुछ मिला है। उनकी बात में दम है क्योंकि यहां से वैश्य समाज की बात करें तो प्रथम महिला मेयर वैश्य समाज से दमयंति गोयल रही। मौजूदा मेयर सुनीता दयाल वैश्य समाज से हैं। राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल वैश्य समाज से हैं। मौजूदा सांसद अतुल गर्ग वैश्य समाज से हैं। जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल रहे हैं। वर्तमान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल वैश्य समाज से हैं। एमएलसी दिनेश गोयल वैश्य समाज से हैं। ऐसे में वैश्य समाज की भागीदारी का मानक कौन सी विधानसभा सीट पर रहेगा ये देखने की बात है।

# आवासीय संपत्ति कर पर भ्रम फैलाया गया चार्ट से हकीकत आई सामने : हिमांशु मित्तल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व भाजपा पार्षद हिमांशु मित्तल ने नगर निगम पर आवासीय संपत्ति कर को लेकर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा कर वृद्धि को सही तरीके से स्पष्ट नहीं किया गया, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। हिमांशु मित्तल ने एक विस्तृत चार्ट के माध्यम से बताया कि अलग-अलग श्रेणियों के मकानों पर कर में कितना प्रतिशत अधिक भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि जनता को सही और पारदर्शी जानकारी मिले, ताकि वे अपने ऊपर पड़ने वाले आर्थिक भार को समझ सकें।

उन्होंने बताया कि नए आधार पर 900 वर्गफुट (720 कारपेट) के मकानों पर कर की गणना में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। जहां पहले कर की राशि सीमित थी, वहीं नई दरों में अलग-अलग श्रेणियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

अलग-अलग भवनों पर बढ़ा बोझ, मित्तल के अनुसार :

- 1 से 10 वर्ष पुराने भवनों पर कर में करीब 75% तक की वृद्धि सामने आई है।
- 10 से 20 वर्ष पुराने भवनों पर भी लगभग 58% तक अधिक भुगतान करना पड़ रहा है।
- 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों में भी 40% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा छूट (एआरवी में कटौती) दिखाकर राहत का दावा किया जा रहा है, लेकिन वास्तविक टैक्स की तुलना करने पर लोगों पर अतिरिक्त बोझ साफ दिखाई देता है।

# मंत्री जी के बैनर पर खुद की फोटो ना होने पर भड़क गया पूर्व मंडल अध्यक्ष

## पहले शुरू हुई जुबानी तकरार फिर बची होते-होते हाथापाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में फोटो का एक महत्व होता है। राजनीति में फोटो से बड़ा महत्व वोटों का होता है। राजनीति में अगर फोटो चाहिए तो नोटों का भी महत्व होता है। राजनीति में चेहरा एक पहचान होता है और चेहरा जब तक फोटो के रूप में होर्डिंग पर ना दिखाई दे तो भला कौन नेता मानता है।

फोटो के साईज को लेकर कई बार तकरार होती है। मिर्जापुर सिरीज में फोटो के साईज को लेकर ही तो एक नेता जी भड़क गये थे फोटो का साईज छोटा होने पर पर्ची वाले बागेश्वर बाबा का वीडियो भी चर्चा में रहा। किस्सा नदियापार का है और बताते हैं कि यहां फोटो ना होने को लेकर एक पूर्व मंडल अध्यक्ष और भगवा मास्टर जी के बीच जमकर तू तू मैं मैं हुई।

किस्सा उस कार्यक्रम का है जिसमें मंत्री जी ने अपने विभाग से जुड़े कुछ चेहरों को आमंत्रित किया था। नदियापार के मास्टर जी की अपनी अलग ही ख्याति है और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी है। अब ये पता नहीं कि वो



गलती से पूर्व मंडल अध्यक्ष का फोटो रखना भूल गये या फिर उन्होंने तय किया कि भूल से भी पूर्व मंडल अध्यक्ष का फोटो बैनर में नहीं जायेगा। इसके बाद जो कुछ हुआ वो काफी जंग वाला सीन रहा। बताते हैं कि मंत्री जी वाले बैनर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष की फोटो नहीं थी।

जब पूर्व मंडल अध्यक्ष आये और उनकी नजर बैनर पर पड़ी तो फिर उनकी निगाहों से शोले बरसने लगे। वो इस बात पर नाराज थे कि मैं एक्स क्या हुआ तुम कतई रिलैक्स ही हो गये। मेरा फोटो आखिर क्यों नहीं लगाया। बताते हैं कि मास्टर जी ने पहले तो पूर्व मंडल अध्यक्ष को समझाया कि आपने हमें फोटो नहीं दिया था तो हम कहां से लगाते। लेकिन पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरी तरह से रूड हो गये और उनका मूड ऑफ था। इसके बाद वो जब कठोर शब्द अपनी जुबान से निकालने लगे तो फिर मास्टर जी ने भी जुबान से तरकश निकाल लिया। उन्होंने भी पूर्व मंडल अध्यक्ष को सीधे सीधे समझा दिया कि हमारा बैनर हमारी मर्जी और जबरजस्ती तो कोई हमसे ना फोटो लगवा सकता और ना वोटो वाले कार्यक्रम में ले जा सकता। हाथा पाई की नौबत आ गयी। पूर्व मंडल अध्यक्ष को भगवा मास्टर जी ने फिर याद दिलाया कि तुमने भी तो अपने बैनर पर भारत माता का फोटो नही लगया था। ये सुनते ही पूर्व मंडल अध्यक्ष को फिर से गुस्सा आ गया और उन्होंने भगवा मास्टर जी से कहा कि अब तुम हमारी कमी बताओगे।

सूत्र बताते हैं कि इससे पहले कि हाथापाई हो जाती, उससे पहले ही दूसरे भाजपाई आ गये और उन्होंने एक दूसरे से लड़ने पर उतारू हो रहे दोनों भाजपाईयों को अलग अलग कराया और मामला शांत कराया।

### जब अपने जन्मदिन पर ठोंक दी भाजपा के युवा नेता ने मुरादनगर सीट पर दावेदारी

# कहा, मैं भी हूं दावेदार और मेरे नाम पर हो विचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा का चुनावी रण अभी दूर है लेकिन दावेदारों में उत्साह भरपूर है। खासतौर से महानगर टीम वाली थीम से जो बाहर हो गये हैं अब वो विधानसभा से लेकर अन्य पदों पर दावेदारी कर रहे है। उनका तर्क अपनी जगह सही है क्योंकि उन्होंने पार्टी के लिए वर्क किया है। चुनाव से पहले दावेदारी का दौर शुरू हुआ है और मुरादनगर से दावेदारी आई है। ये दावेदारी हैरान कर रही है क्योंकि मुरादनगर विधानसभा सीट ऐसी मानी जाती है जहां चुनाव के समय ही दावेदार दिखाई देते हैं। उसी समय कुछ बायोडाटा आते हैं। लेकिन उससे पहले यहां दावेदारी का सीन कमजोर रहता है। लेकिन यहां पर सोमवार को अपने जन्मदिन पर भाजपा के युवा चेहरे ने विधानसभा की दावेदारी ठोंक दी। ये दावेदार संदीप त्यागी हैं। दो दशकों से वो सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपने जन्मदिन पर दावेदारी का शॉट मारा। युवा नेता संदीप त्यागी क्रासिंग मंडल के अध्यक्ष हैं। भाजपा की राजनीति में सक्रिय रहते हैं और उन्होंने दावेदारी का धमाका किया। अपने जन्मदिन पर इस युवा चेहरे ने फेसबुक पर लाईव आकर विधानसभा की दावेदारी कर दी। संदीप त्यागी ने अपने परिचय में अपने द्वारा किये गये काम बताये। मंडल से लेकर यूथ की राजनीति में राष्ट्रीय टीम में




क्या क्या किया ये बताया। वर्तमान में वो क्या कर रहे हैं ये भी बताया। इसकी जानकारी दी। इसके बाद संदीप त्यागी ने मुरादनगर सीट से दावेदारी की। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से पार्टी में हूं और अपने 20 वर्ष भाजपाई जीवन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा पार्टी के लिए काम किया है मैं पार्टी का सक्रिय सदस्य हूं। यही मेरी दावेदारी का आधार है। उन्होंने कहा कि पुराना कार्यकर्ता होने के नाते मैं भी चुनाव लड़ना चाहता हूं। संदीप त्यागी ने अपने शब्दों के साथ अपनी दावेदारी का आगाज किया। वो महानगर की टीम में आना चाहते थे और प्रयासरत भी थे लेकिन बात नहीं बनी। बताते हैं कि टीम वाली थीम से आउट होने के बाद से ही संदीप त्यागी नाराज चल रहे हैं। उन्होंने फेसबुक पर विधायक और मंत्री के खिलाफ भी खुलकर लिखा था और अब वो विधानसभा की दावेदारी पर आ गये हैं। उन्होंने कहा कि मेरा भी हक बनता है और एक तरह से उन्होंने दर्द-ए-दिल को बयां किया है।

### नंदग्राम दुष्कर्म-हत्याकांड पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा प्रहार

# आरोप पत्र दाखिल, 20 अप्रैल को अगली सुनवाई–पूरे मामले की गहराई से होगी पड़ताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम क्षेत्र में हुए बहुचर्चित दुष्कर्म और हत्या कांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया था। मासूम पीड़िता के साथ दरिंदगी के बाद हत्या की इस घटना को लेकर जनता में भारी आक्रोश देखने को मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए यह प्रकरण उच्च न्यायालय से होते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया तक पहुंचा, जहां अब इसकी सुनवाई चल रही है।



सोमवार को सुनवाई से पहले सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर और नंदग्राम थाना प्रभारी को तलब किया। अदालत के इस कदम से साफ संकेत मिला कि मामले की जांच और कार्रवाई पर सर्वोच्च स्तर पर नजर रखी जा रही है। सुनवाई के दौरान थाना प्रभारी और विवेचना अधिकारी न्यायालय में मौजूद रहे, जबकि पुलिस कमिश्नर सुप्रीम कोर्ट परिसर से बाहर निकलते नजर आए। इसी बीच पुलिस ने मामले में आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। आरोप पत्र के साथ केस डायरी भी प्रस्तुत की गई है, जिसमें अब तक की जांच, साक्ष्य और कार्रवाई का पूरा विवरण शामिल है। यह मामला शुरू से ही संवेदनशील रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा और लोगों ने न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किए। अब सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद इस मामले में तेजी से कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल तय की है। इस दौरान जांच की हर कड़ी, पुलिस की कार्यप्रणाली और सबूतों की गहन समीक्षा की जाएगी, जिस पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हैं।





# आईपीएल 2026: विराट कोहली मुंबई के खिलाफ यह मुकाम हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज; रोहित ने भी हासिल की खास उपलब्धि

**मुंबई।** आईपीएल 2026 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ हो रहा है। वानखेड़े के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने चार विकेट खोकर 240 रन लगाए। विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 50 रनों की दमदार पारी खेली। कोहली ने अपनी इस पारी में खास उपलब्धि हासिल कर ली है।

विराट कोहली ने अपनी इस पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। कोहली ने इस पारी के दौरान एमआई के खिलाफ आईपीएल में एक हजार रन पूरे किए। विराट इस लीग में मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। कोहली एमआई के खिलाफ अब तक खेली 36 पारियों में 129 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 1030 रन बना चुके हैं। कोहली ने इस दौरान सात अर्धशतक लगाए।





### लिस्ट में और कौन-कौन?

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल में कोहली के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर केएल राहुल हैं। राहुल ने एमआई के खिलाफ 21 पारियों में 135 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 977 रन बनाए हैं। वहीं, शिखर धवन 901 रनों के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं।

### रोहित ने टकके लिए पूरे किए 6000 रन

भले ही इस मैच में रोहित ज्यादा न खेल पाए और रिटायर्ड हर्ट हो गए, लेकिन वानखेड़े के मैदान पर उन्होंने खास उपलब्धि अपने नाम की। रोहित ने एमआई की तरफ से खेलते हुए आईपीएल में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। आईपीएल इतिहास में रोहित इस मुकाम तक पहुंचने वाले महज दूसरे खिलाड़ी है। एमआई की ओर से खेलते हुए इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी रोहित शर्मा के नाम है। एक फ्रेंचाइजी की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। इस लिस्ट में रोहित से आगे सिर्फ विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए 8,840 रन बनाए हैं। कोहली-रोहित के बाद इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर एमएस धोनी का नाम है। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए 4,865 रन बनाए हैं। वहीं, सुरेश रैना ने सीएसके के लिए 4,687 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा को हाल ही में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए 15 साल पूरे हुए हैं। अपनी कप्तानी में रोहित मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं।

### मैच में क्या हुआ?

इससे पहले, आरसीबी ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 240 रन लगाए। फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 120 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। कोहली ने 38 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि सॉल्ट ने सिर्फ 36 गेंदों का सामना करते हुए छह चौके और छह छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। रजत पाटीदार भी शानदार लय में दिखाई दिए, और उन्होंने महज 20 गेंदों में 53 रनों की दमदार पारी खेली। अंत के ओवरों में टिम डेविड ने 16 गेंदों में 212 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 34 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा ने 10 रनों का योगदान दिया, तो रोमारियो शेफर्ड दो रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट, बुमराह, शार्दुल और सैंटनर ने एक-एक विकेट चटकाया। मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी। हार्दिक ने 22 गेंद में 40 रन और शेरफेन रदरफोर्ड ने 31 गेंद में नाबाद 71 रन बनाए।

# मुंबई इंडियंस की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग चोट का होगा स्कैन

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में तीन मैच हार चुकी मुंबई इंडियंस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की चोट की गंभीरता को समझने के लिए स्कैन कराया जाएगा। रोहित रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 19 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे थे।

### अगले मैच में खेल पाएंगे रोहित?

रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट की गंभीरता को समझने के लिए स्कैन करवाएंगे। 16 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के अगले मैच के लिए मुंबई इंडियंस के इस स्टार बल्लेबाज की उपलब्धता चोट के स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। 38 साल के रोहित आरसीबी के खिलाफ पारी के छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए और मैदान छोड़ दिया। उन्होंने मैदान छोड़ने से पहले 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 19 रन बनाए। पावरप्ले के आखिरी ओवर में रसिख सलाम की दूसरी गेंद का सामना करने के बाद वह दिक्कत में दिखाई दिए थे और उन्हें आखिर में मैदान से बाहर जाना पड़ा था।



रिटायर्ड हर्ट होने से पहले उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। रोहित का काफी देर तक ग्राउंड पर ही इलाज चला था। इसके बाद वह दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उस गेंद पर डिफेंड करने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर चले गए। रोहित की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ होगी कि चोट कितनी गंभीर है। रोहित की चोट कितनी गंभीर है, इसका अभी पता नहीं लग सका है। मैच के बाद शेरफेन रदरफोर्ड ने रोहित की इंजरी को लेकर कहा था, मुझे अभी पूरी तरह से पक्का नहीं पता। शायद यह हैमस्ट्रिंग की थोड़ी दिक्कत है, लेकिन मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता। मैं डगआउट में था, इसलिए मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

रोहित ने आईपीएल 2026 में अब तक खेले चार मुकाबलों में 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतकीय पारी भी शामिल है। रोहित आरसीबी के खिलाफ भी अच्छी लय में दिखाई दे रहे थे। रोहित ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए छह हजार रन पूरे किए। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले विराट कोहली के बाद महज दूसरे खिलाड़ी बने। रोहित पिछले 15 वर्षों से मुंबई इंडियंस से जुड़े हुए हैं और अपनी कप्तानी में टीम को पांच आईपीएल ट्रॉफी भी दिला चुके हैं।

# राष्ट्रमंडल खेल 2030 में हॉकी और क्रिकेट भी होंगे शामिल, इन पारंपरिक खेलों को भी मिलेगी जगह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया है कि 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी और क्रिकेट जैसे भारतीय पारंपरिक खेल भी शामिल किए जाएंगे। वहीं, कबड्डी, योगासन, खोखो और मलखम्ब जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों में से भी दो को जगह दी जाएगी। राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष डोनाल्ड रूकारे की अध्यक्षता में इसके प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह मेजबान शहर अहमदाबाद में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शुक्रवार को मांडविया से भी मुलाकात की थी।

### ग्लास्गो में सिर्फ 10 खेल शामिल

ग्लास्गो में इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिए क्रिकेट और हॉकी को शामिल नहीं किया गया है, लेकिन मांडविया ने कहा कि भारत में होने वाले खेलों में इनकी वापसी होगी। ग्लास्गो खेलों में सिर्फ 10 खेल शामिल किए गए हैं जिनमें निशानेबाजी, कुश्ती और बैडमिंटन भी नहीं हैं। खेल मंत्री ने कहा, हमारे पारंपरिक खेलों में से कबड्डी, मलखम्ब, खोखो और योगासन में से दो को शामिल करने का प्रयास है। क्रिकेट और हॉकी दोनों 2030 खेलों में होंगे। राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष यहां से काफी प्रभावित होकर गए हैं। खासकर खेलो इंडिया की विभिन्न श्रेणियों और अस्मिता खेलों से वह काफी प्रभावित हुए। भारत में अब खेलों को प्राथमिकता में रखा जा रहा है जिसका उन पर अच्छा प्रभाव पड़ा है।



### भारत में होना है आयोजन

भारत में 2010 के बाद पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हो रहा है। एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस, बॉल और पैरा बॉल, भारोत्तोलन और पैरा भारोत्तोलन, कलात्मक जिम्नास्टिक, नेटबॉल और मुक्केबाजी 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा होंगे। टी20 क्रिकेट, रग्बी सेवंस और हॉकी में से दो खेल इनमें शामिल होंगे।

# अमन और मुकुल दहिया को रजत पदक से करना पड़ा संतोष, भारत ने जीते कुल 17 पदक

**- 162 अंकों के साथ भारत दूसरे स्थान पर और जापान 127 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।**

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि मुकुल दहिया भी रविवार को अपना फाइनल हार गए जिससे भारत ने 17 पदक (दो स्वर्ण सहित) से अपने अभियान का समापन किया। भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक जीते।

### दोनों ही मुक्केबाज फाइनल में हारे

गैर ओलंपिक पुरुषों के फ्रीस्टाइल 61 किग्रा वर्ग में मुकाबला करते हुए अमन को फाइनल में कोरिया के क्वांग म्योंग किम के हाथों 10-13 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पुरुषों के 86 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में मुकुल को ईरान के कामरान जी घासेमपोर के हाथों 0-7 से हार मिली जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फिर दिनेश ने 125 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अर्स्लानबेक तुरदुबेकोव पर तकनीकी श्रेष्ठता (12-1) से जीत दर्ज करते हुए अपना कांस्य प्लेऑफ मुकाबला जीत लिया। टीम रैंकिंग में ईरान 178 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि भारत 162 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और जापान 127 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



# आईसीसी ने किया महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए प्राइज मनी का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने साल 2026 में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए प्राइज मनी की घोषणा कर दी है। इस साल ये टूनार्मेंट इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। आईसीसी ने रिकॉर्ड प्राइज मनी की घोषणा की है। दुनिया की सर्वोच्च क्रिकेट गर्वनिंग बॉडी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, इस बार पुरस्कार राशि को 2024 की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ाकर 8,764, 615 डॉलर यानी 81 करोड़ 83 लाख रुपये कर दिया गया है। ये फैसला महिला क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए महिला खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए किया गया है और इसे महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।



टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खिताबी जीत दर्ज करने वाली टीम पूरी तरह से मालामाल हो जाएगी। विश्व विजेता बनने वाले टी को 2,340,000 डॉलर यानी 21 करोड़ 84 लाख रुपये की भारी भरकम राशि मिलेगी। वहीं उपविजेता टीम को 1,170, 000 डॉलर दिए जाएंगे जो भारतीय रुपयों में 11 करोड़ के लगभग होंगे।

वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली प्रत्येक टीम को 675,000 डॉलर मिलेंगे। आईसीसी ने ये भी सुनिश्चित किया है कि इस बार भाग लेने वाली सभी 12 टीमों को कम से कम 247500 डॉलर की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रुप चरण में प्रत्येक मैच जीतने वाली टीमों को 31,154 डॉलर का प्रोत्साहन बोनस भी मिलेगा।

ये टूनार्मेंट कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है क्योंकि पहली बार इसमें 10 नहीं बल्कि 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टूनार्मेंट की शुरूआत 12 जून 2026 को इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच एजबेस्टन, बर्मिंघम में होने वाले मुकाबले से होगा। पूरे 24 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड सहित कुल 12 देश 7 अलग-अलग स्थानों पर 33 मैच खेलेंगे।

# मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट पर रॉरी मैकलॉय का फिर कब्जा लगातार दूसरी जीत से की टाइगर वुड्स के रिकॉर्ड की बराबरी

**मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।**

**नई दिल्ली।** रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं। मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफलर पर एक शॉट से जीत हासिल की।

मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।

उन्होंने बाद में कहा, पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं। टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।



# सावन बरवाल ने रचा इतिहास, शिवनाथ सिंह का मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय धावक गोपी थोनकल ने 42.195 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट और 16 सेकंड में पूरी करके 23वां स्थान हासिल किया। बरवाल की उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि रोटरडैम में आयोजित यह मैराथन उनकी पहली मैराथन थी। जनवरी में अमेरिका में आयोजित विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद यह इस सत्र की उनकी दूसरी प्रतियोगिता थी।




हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदर नगर के एक गांव से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय बरवाल ने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और खुद को एक बेहतर लंबी दूरी के धावक के रूप में स्थापित किया है। बरवाल ने कहा कि आखिरी पांच किलोमीटर की दौड़ के दौरान मौसम काफी ठंडा था, जिससे सामंजस्य बिठाने में उन्हें परेशानी हुई। उन्होंने कहा, 'मौसम काफी ठंडा था। पानी के स्टेशन पर मैंने गलती से अपने सिर पर पानी डाल लिया।' उन्होंने कहा, '37 किलोमीटर तक मैं आराम से दौड़ रहा था, लेकिन आखिरी दो किलोमीटर काफी मुश्किल भरे थे, क्योंकि मुझे फिनिश लाइन पार करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मैं दो घंटे 10 मिनट का समय निकालने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार था, लेकिन मुश्किल परिस्थितियों ने मुझे अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड और बेहतर करने से रोक दिया।'

सेना में कार्यरत बरवाल लगभग 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद एक घंटे चार मिनट और 43 सेकंड के समय के साथ 27वें स्थान पर थे, जबकि गोपी 33वें पायदान पर थे। बरवाल ने इसके बाद अपनी गति बढ़ाई और 35वें किलोमीटर के पास 19वें स्थान पर पहुंच गए। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट पर उनके पिछले दौड़ रिकॉर्ड में किसी मैराथन का उल्लेख नहीं है। उन्होंने हालांकि कई हाफ मैराथन, 5000 मीटर और 10000 मीटर दौड़ों में भाग लिया है। उन्होंने 2022 फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 10000 मीटर में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

### एशियाई हाफ मैराथन चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता

सावन बरवाल ने दुबई में आयोजित एशियाई हाफ मैराथन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था। बरवाल ने 2024 में फेडरेशन कप में 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। बरवाल के लिए 2025 सबसे सफल वर्ष रहा, क्योंकि उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 5000 मीटर और 10000 मीटर में स्वर्ण पदक, फेडरेशन कप में 10000 मीटर में स्वर्ण पदक और भुवनेश्वर में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कांस्य स्तरीय महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता। गोपाल ठाकुर द्वारा प्रशिक्षित बरवाल दिल्ली हाफ मैराथन और विश्व 25के कोलकाता दौड़ में भी नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उन्होंने 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय एलीट वर्ग के धावकों में स्वर्ण पदक जीता था।

# कार्लोस अल्कारेज को पछाड़ कर यानिक सिनर बने दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी, मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीता



**इटली।** इटली के टेनिस स्टार यानिक सिनर नई एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था जिसके बाद वह रैंकिंग में टॉप पहुंच गए हैं। बता दें कि, क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया।

इस जीत के बाद सिनर ने कहा कि, यह मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसका मतलब है कि मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है। सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। नोवाक जोकोविच, फेलिक्स ऑगर एलियासिम, बेन शेल्टन, एलेक्स डि मिनोर, टेलर फ्रिट्ज, लॉरेंजो मुसेटी और दानिल मेदवेदेव शीर्ष 10 में शामिल हैं।

# आरसीबी के टिम डेविड और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पर लगा जुमार्ना, किस कारण से हुई कार्रवाई?

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुमार्ना लगाया गया है। रविवार को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला गया था। डेविड पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

### डेविड ने दो बार किया नियम का उल्लंघन

डेविड पर मुंबई के खिलाफ आईपीएल की आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के कारण कार्रवाई की गई है। डेविड ने अंपायर के फैसले पर निराशा व्यक्त की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, डेविड पर आईपीएल की आचार संहिता आर्टिकल 2.4 के उल्लंघन का आरोप है। उन्होंने मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताई थी। पहली बार ऐसा तब हुआ जब आरसीबी की पारी के दौरान 18वें ओवर में अंपायर ने गेंद बदली।

आईपीएल ने कहा, अंपायर गेंद को देखना चाहते थे और बार-बार कहने के बावजूद डेविड ने अंपायर को गेंद नहीं सौंपी। दूसरी बार उन्होंने नियम का उल्लंघन 20वें ओवर में किया जब उन्होंने फिर अंपायर को गेंद नहीं सौंपी। डेविड ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों और मैच रेफरी द्वारा जुमार्ने को स्वीकार किया।



### धीमी ओवर गति को लेकर हार्दिक पर हुई कार्रवाई

वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति को लेकर जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के तहत इस सीजन टीम का यह पहला उल्लंघन था जिस कारण उन पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरसीबी ने रविवार को खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को हराया था। मुंबई की मौजूदा सीजन में तीसरी हार है।

# भारत में होगी फॉमूर्ला वन रेस की वापसी

## केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने की पुष्टि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि 2027 में भारत में फॉमूर्ला वन रेस की वापसी होगी। मांडविया ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, भारत में 2027 में फॉमूर्ला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।

### लिबर्टी मीडिया ने नहीं की टिप्पणी

भारत इससे पहले फॉमूर्ला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉमूर्ला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाली फॉमूर्ला वन ने भारत में अपनी वापसी पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। 2017 में लिबर्टी मीडिया द्वारा अधिग्रहण किए जाने के बाद से इस खेल की लोकप्रियता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसमें पहले से ही रिकॉर्ड 24 रेस का कैलेंडर है। हालांकि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण इस महीने सऊदी अरब और बहरीन में होने वाले दो दौर रद्द कर दिए गए थे।

# गाजियाबाद आसपास




# हर्ष और आस्था का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न





गाजियाबाद करंट क्राइम। हर्ष और आस्था का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। रेड कार्पेट होटल में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने हर्ष औरआस्था को बधाई और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर दोनों परिवारों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।

# महरौली में स्वच्छता का संदेश बना प्रेरणा

## आशु वर्मा ने शिद्दत से साफ की बाबा साहब की प्रतिमा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जयंती से एक दिन पहले महरौली गांव में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने केवल सफाई ही नहीं, बल्कि समाज को एक मजबूत संदेश भी दिया। गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु वर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा को शिद्दत से साफ कर यह दिखाया कि सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से होता है। अक्सर जनप्रतिनिधि मंचों से स्वच्छता और सम्मान की बातें करते नजर आते हैं, लेकिन महरौली में आशु वर्मा ने पूरी शिद्दत के साथ प्रतिमा की सफाई कर एक अलग उदाहरण पेश किया। जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया यह कार्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का प्रयास बन गया।

यह पहल ऐसे समय में सामने आई है, जब स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता तो है, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी कम दिखाई देती है। आशु वर्मा के इस कदम ने यह संदेश दिया कि अगर नेतृत्व खुद आगे बढ़े, तो समाज स्वतः प्रेरित होता है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बाबा साहब के प्रति सच्चा सम्मान यही है कि उनकी प्रतिमा और विचार दोनों को स्वच्छ और जीवित रखा जाए। यह पहल जयंती के कार्यक्रमों से पहले पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल बनाने में सफल रही।

## हत्या व पॉक्सो मामले में आरोपी को मिली उम्रकैद

# 1.03 का लगाया जुर्माना

## ऑपरेशन कन्विक्शन का हुआ असर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक गंभीर आपराधिक मामले में प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपी को कड़ी सजा दिलाई गई है। अदालत ने आरोपी को हत्या व पॉक्सो अधिनियम के मामले में आजीवन कारावास के साथ कुल 1 लाख 3 हजार रुपये का अर्थदंड दिया है। मामले की जांच थाना कविनगर पुलिस द्वारा की गई थी। विवेचना के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी के आधार पर न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को धारा 302 भारतीय दंड संहिता (हत्या) में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ना, धारा 201 भारतीय दंड संहिता (सबूत मिटाना) में 2 वर्ष का कारावास व 3 हजार रुपये जुमार्ना तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5/6 में 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

इस पूरे प्रकरण में विवेचक निरीक्षक राजकुमार शर्मा, अभियोजन अधिकारी बृजेंद्र कुमार बघेला सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में त्वरित व प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाना प्राथमिकता है। यह कार्रवाई दर्शाती है कि गाजियाबाद पुलिस अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# ट्रांसफार्मर चोरी की बढ़ती घटनाओं से गुस्साए किसानों ने थाने पर किया प्रदर्शन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के बैनर तले निवाड़ी थाना क्षेत्र के कई गांवों, जिनमें निवाड़ी, पतला, सौदा, खिदोड़ा, महमदपुर, भनेड़ा, डबाना, सारा, बांदीपुर, कुम्हैड़ा, रेवाड़ी रेवाड़ा, मुरादनगर, मोदीनगर व रावली के किसानों ने निवाड़ी थाने पर प्रदर्शन करते हुये क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ट्रांसफार्मर व मोटर चोरी की घटनाओं पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए थानाध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा।

किसानों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से उनके खेतों से ट्रांसफार्मर व मोटर चोरी होने की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिन पहले ही निवाड़ी में चार ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके हैं। इसके अलावाए, क्षेत्र में अब तक हजारों मोटर चोरी हो चुकी हैंए, लेकिन किसी भी किसान को उसका चोरी हुआ मोटर वापस नहीं मिला है। इन घटनाओं को लेकर किसानों में भारी रोष है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र इन बढ़ती चोरियों की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि इन घटनाओं पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया, तो वे डीसीपी कार्यालय मुरादनगर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, हैप्पी त्यागी, रोहित त्यागी, आकाश त्यागी, अमरीश त्यागी, पप्पू त्यागी, रोहित चैधरी, गौरव त्यागी, अरुण कसाना, मनोज त्यागी, नितेश त्यागी, सभासद विक्की त्यागी, जगदीश कुमार, मंगेश्वर, रविंद्र त्यागी, आशीष गोयल, अवनीश त्यागी, मदनलाल, सुबोध त्यागी, अंकित त्यागी, कपिल बॉस, सुनील त्यागी व गोलू त्यागी सहित कई किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दशमेश खालसा समिति ने किया जश्न-ए-वैशाखी कार्यक्रम का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दशमेश खालसा समीति द्वारा यहां जश्न -ए-वैशाखी-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की नामचीन हस्तियों ने भाग लिया और समीति के लोगों को बधाई दी।

यंहा एक नीजी बैंकटॉल में आयोजित हुये कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ. मंजू शिवाच, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह सहित अनेक प्रसिद्ध हस्तियों ने प्रतिभाग किया और पंजाबी समाज के लोगों को वैशाखी कार्यक्रम के सफल आयोजन की बंधाई दी। कार्यक्रम में समीति के पदाधिकारी व संरक्षक राज ढ़िगरा, राजकुमार ढ़िगरा, अध्यक्ष विकास भसीन, सरदार गुरमीत सिंह, जतिन अरोड़ा, आशीष भूटानी, आशीष अरोड़ा, सरबजीत सिंह नैयर सहित तमाम लोगों के समाज के प्रबुद्व नाबरिकों व मीडिया कर्मियों सहित सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों को पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेट किये।

इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न तरह के बच्चों के मनोरजन के लिए झूलों, मिक्की माउंस, साउथ व इंडियन व्यंजनों सहित तमाम स्टॉल भी लगायें गये थे। जंहा लोगों ने पंहुचकर जमकर स्वाद तो चखा ही, मेले का भरपूर आनन्द भी लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव गुलाटी, डॉ. अरूण त्यागी, मुकुल गर्ग, विकास नरूला, विपिन खन्ना, गौतम अरोड़ा, शिवम्कोहली, हरजीत सिंह, पवन खुराना आदि का सहयोग भी सराहनीय रहा।




# अब 23 वालों को मिलेगा आराम और सम्मान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में 2023 बैच वालों को थोड़ी राहत मिलने वाली है। कोई बता रहा है कि लू और तेज धूप के थप्पड़ों से इस बार इस बैच को आने वाले दिनों में आराम मिलेगा। तो कोई कह रहा है कि लैपर्ड चलाकर कमर दर्द और खाल काली करवाने वालों को भी छूट मिलेगी। इन सबके बीच छुट्टी उन चक्करों से भी मिलेगी जो कई बार बेवजह से लगाने पड़ते थे। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 1400 रंगरूट आने वाले हैं, उसके बाद कई टू-स्टारों का रूप बदलेगा, तो उसको सैल्यूट भी मिल सकता है। वहीं नई पुलिस टीम में बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों के होने की जानकारी मिल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बड़ी संख्या में थानों में नए रंगरूट आने हैं, उसका लाभ थाना पुलिसिंग और क्राइम कंट्रोल में साफ देखने को मिलेगा। उधर सुनने में यह आ रहा है कि लगभग हर थाने में 60 प्लस का स्टाफ मिलने जा रहा है। तो कई थानों पर बड़ी संख्या में महिला सिपाहियों को भी उतारा जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिपाहियों के आने के बाद 23 बैच वाले टू-स्टार थोड़े पहले रिलैक्स हो जाएंगे। जाम खुलवाने से लेकर पेपर पहुंचाने और पंचनामा करवाने से लेकर अन्य काम में इनकी दौड़ बच सकती है। तो कहा जा रहा है कि अब इनकी दौड़ थोड़ी कम होगी और यह अब काम और अन्य व्यवस्थाओं पर ज्यादा फोकस करेंगे। कुल मिलाकर देखना होगा कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पुलिस बल बढ़ाने के बाद क्या परिवर्तन और बदलाव देखने को आने वाले कुछ महीनो में मिलेंगे। वहीं सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इनकी जोन बदलाव वाली तैयारी लगभग फाइनल स्तर पर जा पहुंची है। कहा जा रहा है कि एसीपी स्तर के अधिकारियों के बदलाव के बाद कई सर्किल में बढ़ा वाला बदलाव होने जा रहा है। लोकल वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक एक प्रमोशन वाले अधिकारी का नाम आना है, तो एक एसीपी वो भी जाने को बेकरार हैं, जिन्होंने कभी ऑनडिमांड एंट्री ली थी।




# शायर अनिमेष 'आतिश' के दो गजल संग्रहों का लोकार्पण






गाज़ियाबाद, करंट क्राइम। स्थानीय जानकी सभागार में साहित्यिक संस्था 'गंगा-जमुनी अदब' द्वारा प्रख्यात शायर अनिमेष शर्मा 'आतिश' के दो गजल संग्रहों—'गुनगुनी धूप' और 'नजर के कटघरे में'—का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात शायर विजेंद्र सिंह 'परवाज' ने की। विजेंद्र सिंह 'परवाज' ने इस अवसर पर कहा कि गजल केवल शब्दों का तकनीकी मेल नहीं, बल्कि इश्क और मोहब्बत की जुबान है। मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र गर्ग और विशिष्ट अतिथि सीमाब सुल्तानपुरी की उपस्थिति में वक्ताओं ने 'आतिश' की लेखनी की सराहना की। आईएएस पवन कुमार और लक्ष्मी शंकर बाजपेयी ने कहा कि आतिश की गजलें समाज की धड़कनों को सरलता से पाठकों तक पहुँचाती हैं। संगीत से जुड़ाव होने के कारण उनकी रचनाओं में लय और बह्र का सटीक संतुलन दिखता है। सुरेन्द्र कुमार सिंघल और अन्य वक्ताओं ने इन संग्रहों को नफरत के दौर में मोहब्बत का पैगाम बताया। समारोह में डॉ. रमा सिंह, अंजू जैन और अजय अज्ञात सहित देशभर के लगभग 117 साहित्यकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपाली जैन 'जिया' और सीमा शर्मा मेरठी ने किया। अंत में संस्था के अध्यक्ष अनिमेष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हॉली स्पिरिट पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती की धूम, छात्रों ने ली संवैधानिक मूल्यों की शपथ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय हॉली स्पिरिट पब्लिक स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को नमन किया और विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व की जानकारी दी।

प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने अपने संबोधन में संविधान के मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए हमें संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहाँ छात्रों ने संविधान की रक्षा करने और उसके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थी मानवी चौहान, देव और खुशी चौहान ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रभावशाली भाषण दिए। विभिन्न कक्षाओं में नाटक, पोस्टर मेकिंग और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। नाटकों के माध्यम से समानता और शिक्षा के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। संवैधानिक चर्चा के साथ-साथ विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग 'बैसाखी' के बारे में भी बताया गया। छात्रों को जानकारी दी गई कि यह पर्व न केवल नई फसल का उत्सव है, बल्कि सिख धर्म में इसका विशेष ऐतिहासिक महत्व भी है। संपूर्ण कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और उत्साहपूर्ण रहा। अंत में प्रधानाचार्या ने सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्रों की सराहना की। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति एक नई चेतना जागृत करने का कार्य किया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Sonu Bhati
5h ·

आज शिवखोड़ी में बाबा भोले नाथ के दर्शन कर बाबा भोले नाथ का आशीर्वाद लिया हर हर महादेव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह धर्म है यह आस्था है और शिव के प्रति श्रद्धा है। सोनू भाटी ने शिव खोड़ी में परिवार सहित दर्शन पूजन किया। आस्था और श्रद्धा के इस भाव को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। सोनू भाटी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वार्ड 83 में 'वार्ड चलो, बूथ चलो' अभियान के तहत बैठक का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी के कार्यालय पर 'वार्ड चलो, बूथ चलो' अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महानगर उपाध्यक्ष प्रीति चंद्रा राय ने उपस्थित कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाना है तथा 'गांव-वार्ड चलो, बूथ चलो' अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करना है।

पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सभी उपस्थित कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# जीडीए की बड़ी पहल: रजिस्ट्री और नामांतरण की बाधाएं दूर करने के लिए विशेष शिविर का आगाज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य संवाददाता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने आवंटियों को बड़ी राहत देते हुए लंबित रजिस्ट्री और नामांतरण (नाम दर्ज) की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। शिविर के पहले ही दिन आवेदकों में भारी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर के प्रथम दिवस पर विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 64 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर प्राधिकरण ने तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी है। सामान्य योजनाओं (इंद्रप्रस्थ, संजय नगर, मधुबन-बापूधाम एवं प्रताप विहार) से 17 और प्रधानमंत्री आवास योजना से 17 आवेदन मिले। सामान्य योजनाओं के अंतर्गत 10 और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 आवेदन दर्ज किए गए। प्राधिकरण ने न केवल नए आवेदन लिए, बल्कि पुरानी फाइलों पर भी त्वरित एक्शन लिया। शिविर के दौरान 18 लंबित प्रकरणों का सफल निस्तारण करते हुए आवेदकों को उनके नाम दर्ज प्रमाण पत्र सौंपे गए। प्रमाण पत्र पाकर आवंटियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने के लिए उच्च अधिकारियों ने अधीनस्थ कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 मामलों में तत्काल रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। इंद्रप्रस्थ योजना के 9 प्रकरणों में शीघ्र रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए की गई है। सभी आवंटी इस शिविर का लाभ उठाएं ताकि वर्षों से लंबित उनकी रजिस्ट्री और नामांतरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा सके।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस जिला कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि दी। मोहसिना किदवई का पिछले दिनों निधन हो गया था। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई जनता से जुड़ी नेता थी। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में समाज सेवा के कई कार्य किए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि मोहसिना किदवई ने केंद्रीय मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए कई कार्य किए। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, अश्विनी त्यागी, रियाज अहमद, हरेंद्र सिंह बाबा, बाबूराम आर्य, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉली त्यागी, रूबी मलिक, सीमा नाजमीन, राजकुमार शर्मा, हरपाल सिंह, रिजवान मलिक, विनोद धामा, आचार्य विकास कुमार, जितेंद्र कुमार शर्मा, जयवीर सिंह, राजीव शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, शोएब, कुनाल वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, उदय सिंह पाल सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बाबा साहब की जयंती पर महापौर ने किया नमन, स्वच्छता अभियान से दिया संदेश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर गाजियाबाद में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

संजय नगर सेक्टर-23 स्थित मैत्रेय बुद्ध विहार में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर सुनीता दयाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें समानता, सामाजिक न्याय और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ समाज की नींव है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भाजपा के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं से संबंधित पुस्तकों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रीति चंद्रा, नीरज त्यागी, अमर दत्त शर्मा, प्रदीप चौधरी, पप्पू नागर, राजकुमार चौधरी, राजनाथ राम, अभिजीत मुखर्जी, विजय कोरी, अनिल अरोड़ा, रोहित गौतम, जितेंद्र सिंह, अमित प्रजापति और राकेश चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन और संयोजन भाजपा कार्यकताओं के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का मजबूत संदेश दिया।

## वीआईपी पासधारकों को परकोटा के मंदिरों में भी मिलने लगे दर्शन, राम मंदिर ट्रस्ट की नई व्यवस्था लागू

**लखनऊ।** नई व्यवस्था के तहत पासधारकों के लिए सिंह द्वार के ठीक बगल से एक विशेष लेन आरक्षित की गई है। इस लेन से श्रद्धालु सीधे राम दरबार तक पहुंचेंगे। वहां दर्शन के बाद वे रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे।
राम मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी पासधारकों के लिए सोमवार से नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब सुगम व विशिष्ट पासधारक केवल रामलला और राम परिवार के ही नहीं, बल्कि परकोटा स्थित छह मंदिरों में भी दर्शन कर सकेंगे। इससे विशिष्ट श्रद्धालुओं को एक ही मार्ग से विस्तृत दर्शन की सुविधा मिलने लगी है। नई व्यवस्था के तहत पासधारकों के लिए सिंह द्वार के ठीक बगल से एक विशेष लेन आरक्षित की गई है। इस लेन से श्रद्धालु सीधे राम दरबार तक पहुंचेंगे। वहां दर्शन के बाद वे रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। इसके बाद उत्तरी सीढ़ी से नीचे उतरते समय नया मार्ग बनाया गया है, जहां क्यू मैनेजर की व्यवस्था की गई है। इस मार्ग से श्रद्धालु सबसे पहले शिव मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके बाद बेसमेंट मार्ग से होकर गणेश मंदिर, हनुमान मंदिर, सूर्य मंदिर, दुर्गा मंदिर और अन्नपूर्णा मंदिर में दर्शन करते हुए पूर्वी गेट से बाहर निकलेंगे।

# पिलखुवा में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत, विभू बंसल ने किया शुभारंभ







**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर के रेलवे रोड स्थित पीपीसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन का निशुल्क अभियान शुरू किया गया। तीन माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने किया। अभियान का उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान नगर में पहला टीका ख्याति गर्ग द्वारा लगवाया गया, जिससे अभियान की औपचारिक शुरूआत हुई।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने वैक्सीनेशन के महत्व पर जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ प्रियंका दुबे, डॉ अजय, डॉ अमन, सभासद पति सचिन पुंडीर, दीपक राबिया, राजेश मित्तल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजबाग मेट्रो के पास फैक्ट्री में लगी भीषण आग दमकल की कई गाड़ियों ने संभाला मोर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में साहिबाबाद में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास स्थित विंसेंट ट्रेड मार्ट के निकट जीटी रोड पर एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की सूचना फायर स्टेशन साहिबाबाद को दोपहर 15:22 बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद तुरंत दमकल विभाग हरकत में आ गया।

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन साहिबाबाद के प्रभारी अधिकारी टीम और फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे। आग की तीव्रता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली और वैशाली से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। दमकल विभाग की टीम ने हालात को नियंत्रित करने के लिए पांच लाइन बिछाकर आग को चारों ओर से घेरते हुए बुझाने की कार्रवाई शुरू की। मौके पर कुल पांच फायर टेंडर और दो वाटर बाउजर तैनात किए गए, जो लगातार आग पर काबू पाने में जुटे रहे।

अधिकारियों के अनुसार, आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि समय रहते दमकल विभाग की सक्रियता के चलते किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो एक बड़ी राहत की बात है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। दमकल विभाग और संबंधित अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# असीम अरुण ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** स्थित गांव गदाना में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच व नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में बाबा साहेब की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मोदीनगर के निवासियों को प्रतिमा और पार्क के निर्माण के लिए बधाई दी।

## मनोकामना अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए चुनाव में अमित पाठक अध्यक्ष और नितिन भारद्वाज महासचिव निर्वाचित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4ए स्थित मनोकामना अपार्टमेंट की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। इस चुनाव में अमित पाठक को अध्यक्ष नितिन भारद्वाज को महासचिव पवन राठी और राकेश शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में सात पदों के लिए मतदान किया गया। चुनाव अधिकारी जयशंकर पांडे ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अमित पाठक ने संजय मीणा को हराया। अमित पाठक को 343 वोट प्राप्त हुए उन्होंने संजय मीणा को 64 वोटो से हराया इसी तरह महासचिव पद पर नितिन भारद्वाज ने 336 वोट हासिल किया उन्होंने दूसरे पैनल के संजय डोभाल को 60 वोटो से हराया। अमित पाठक पैनल के सभी प्रत्याशी विजय घोषित किए गए। संयुक्त सचिव पद पर जयशंकर पांडे एवं सार्थक ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद पांडे ने जीत हासिल की। नव निर्वाचित महासचिव नितिन भारद्वाज ने सोसाइटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जो भी वादे किए गए थे उन्हें सभी पूरे किए जाएंगे। समिति की सुरक्षा और विकास उनकी सबसे पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव में कुल मत 628 पड़े।

# डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में स्पंदन-2026 स्टार नाइट का आयोजन

## जस्सी गिल और बब्बल राय ने बिखेरा जलवा, जमकर थिरके छात्र-छात्राएं





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के एनसीआर कैंपस में स्पंदन-2026 स्टार नाइट् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पंजाबी गायक जस्सी गिल और बब्बल राय ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डीके मोदी, वरिष्ठ पदाधिकारी, वाइस चांसलर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रिंसिपल्स व डायरेक्टर्स उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्य गायकों जस्सी गिल और बब्बल राय को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। दोनों कलाकारों ने अपनी लाइव परफॉर्मेंस से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के लगभग 7000 विद्यार्थी, अतिथि, मीडियाकर्मी व शिक्षक मौजूद थे। गायकों के प्रेरक शब्दों ने छात्रों को अपने सपनों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उत्साह और आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाना था। यह आयोजन कला, संस्कृति और रचनात्मकता का संगम रहा, जो छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ता है। फाउंडेशन ने सभी छात्रों, स्टाफ, अभिभावकों और अतिथियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकगण और स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# विधान परिषद की आश्वासन समिति ने की 21 बिंदुओं की समीक्षा

## डग्गामार वाहनों और शिक्षा-सुरक्षा पर कड़े निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति मो० जासमीर अंसारी ने की, जिसमें जिले के विभिन्न विकास कार्यों और लंबित आश्वासनों की प्रगति का लेखा-जोखा लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सभापति अंसारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, सुरक्षित, स्वच्छ, शिक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। विशेषकर सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभापति ने निर्देश दिया कि परिवहन विभाग केवल नियमानुसार ही वाहनों का संचालन सुनिश्चित करे। स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने डग्गामार (अवैध) वाहनों पर तत्काल रोक लगाने और स्कूली वाहनों के पंजीकरण की सघन जांच के आदेश दिए।

शिक्षा विभाग को शिक्षा का अधिकार के तहत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और सीबीएसई स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। साथ ही, स्कूलों के ऊपर से गुजरने वाली हाई-वोल्टेज बिजली लाइनों को पूरी तरह हटाने की पुष्टि की गई। शहर में बीमारियों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर विकास विभाग को सभी नालों को 100% कवर करने (ढकने) का निर्देश दिया गया। श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र श्रमिक शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

बैठक में समिति के सदस्य मुकुल यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशासनिक पक्ष से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित समिति के अधिकारी व विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। सभापति ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनहित के कार्यों में शिथिलता बरतने पर कड़ी जवाबदेही तय की जाएगी।

# नीति खंड-3 में 30 एचपी नलकूप का उद्घाटन क्षेत्रवासियों को पानी की किल्लत से मिलेगी निजात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड-98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर द्वारा नीति खंड-3 में 30 एचपी के नलकूप का उद्घाटन किया गया। इस नलकूप के चालू होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थाई समाधान होगा और निवासियों को नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। उद्घाटन समारोह के दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजपूत विकास सूर्यन का विशेष आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पार्षद डॉ. अनिल तोमर और पार्षद प्रतिनिधि लीना चौहान तोमर ने कहा कि जनता की सुविधा और वार्ड का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों का यह सिलसिला भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद के प्रयासों की सराहना की।

# फर्जी बुक प्रकाशक पर कार्रवाही न किये जाने से नाराज अधिवक्ता ने आलाधिकारियों व मुख्यमंत्री से की शिकायत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसडीएम के आदेश पर मोदीनगर की संतपुरा कॉलोनी में एक पब्लिकेशन के गोदाम पर गतदिनों छापामार कार्रवाही कर किताबों पर लिखे फर्जी आईएसबीएन कोड को लेकर बड़ी कार्रवाही कर गोदाम पर जांच पूरी होने तक सिलिंग की कार्रवाही की गई थी, लेकिन प्रकरण की जांच जिला विधालय निरीक्षक द्वारा किये जाने की बात कहते हुये किताबों की सत्ता की बिना जांच के ही लगी सील को अगले ही दिन खोल दिया गया। इससे नाराजग शिकायतकर्ता अधिवक्ता ने अब मामले की शिकायत आलाधिकारियों व मुख्यमंत्री से की है। बता दे कि संतपुरा निवासी हितेन्द्र जैन पुत्र हिमेन्द्र जैन छोटी मार्किट गोविन्दपुरी में टीटी पब्लिकेशन के नाम से सीबीएसई की प्रथम कक्षा से 12 वीं तक की किताबों का व्यवसाय करते है।

बताया गया है कि काफी दिनों से इनके द्वारा बाजार में जो किताबें बेची जा रही उन किताबों पर लिखे गये आईएसबीएन नंबर फर्जी तरीके से प्रयोग किये गये है। इस मामले की शिकायत गतदिनों गांव बेगमाबाद निवासी अधिवक्ता अंकित मित्तल द्वारा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ से की गई थी।

गत रविवार को नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा व शिक्षा विभाग की टीम ने गोदाम से दर्जनों किताबों को अपने कब्जे में ले गोदाम पर सिलिंग की कार्रवाही की थी, आरोप है कि उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने अगले दिन ही यह कहते हुये सील खोल दी कि प्रकरण की कार्रवाही जिला विधालय निरीक्षक स्तर से टीम बनाकर की जायेंगी।

कार्रवाही से असंतुष्ट अधिवक्ता अंकित मित्तल ने सोमवार को सारे मामले की शिकायत आलाधिकारियों व प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित करते हुये जिला विधालय निरीक्षक धर्मेंद्र यादव द्वारा जांच ना किये जाने, टीटी पब्लिकेशन से मीलिभगत किये जाने व इस तरह के कृत्य को बढ़ाबा दिये जान की बात कही है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम : 'भागीदार' से 'निर्णयकर्ता' बनने की ओर ऐतिहासिक कदम: महापौर सुनीता दयाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'जब नारी सशक्त होती है, तो समाज सशक्त होता है और सशक्त समाज ही राष्ट्र को अजेय बनाता है।' इसी विचार के साथ गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' को भारतीय लोकतंत्र का स्वर्णिम अध्याय बताया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को मिलने वाला 33 प्रतिशत आरक्षण उन्हें नीति-निर्माण में निर्णायक भूमिका प्रदान करेगा।

समारोह के दौरान पिछले एक दशक में हुए महिला सशक्तिकरण के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खुलना और मुद्रा योजना में 68% महिला लाभार्थियों की भागीदारी। 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और 'प्रधानमंत्री आवास' के मालिकाना हक से महिलाओं का सामाजिक स्तर बढ़ा। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित क्षेत्रों में भारत की 43% महिला भागीदारी, जो दुनिया के कई विकसित देशों से अधिक है। वक्ताओं ने बताया कि पंचायती राज संस्थानों में पहले से ही 46 प्रतिशत (लगभग 14.5 लाख महिलाएं) प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अब यही सफल मॉडल देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में लागू होकर लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और जन-केंद्रित बनाएगा।

कार्यक्रम में यह निष्कर्ष निकाला गया कि 'विकसित भारत 2047' का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही योजनाएं जैसे उज्ज्वला, जल जीवन मिशन और मातृ शक्ति के सम्मान में लिए गए निर्णय आज धरातल पर बदलाव ला रहे हैं।

### राजनीतिक सशक्तिकरण का नया युग: महापौर सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सम्मान और अधिकार को सुनिश्चित करने वाला संकल्प है। उन्होंने जोर देकर कहा, ‘यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के नए युग की शुरूआत है, जो उन्हें लाभार्थियों की श्रेणी से उठाकर नीति-निर्धारकों की श्रेणी में खड़ा करेगा।

### महिला शक्ति से राष्ट्र को मिलेगी नई दिशा : रिचा सूद

करंट क्राइम। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता और ट्रिडेंट ट्रस्ट की चेयरपर्सन रिचा सूद ने कहा कि जब महिलाओं को समान अवसर मिलते हैं, तो वे समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाई पर ले जाती हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी रत्ना त्यागी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और यह नया कानून उन्हें और अधिक ऊर्जा प्रदान करेगा।

# नोएडा में मजदूर आंदोलन के दौरान हिंसा

## आईसीआईएम चेयरमैन सतेंद्र सिंह ने की शांति बनाए रखने की अपील



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में हाल ही में मजदूरों के आंदोलन के दौरान सामने आई हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं को लेकर इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट के चेयरमैन सतेंद्र सिंह ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर पुलिस वाहनों को नुकसान पहुँचाने, गाड़ियों में आग लगाने और पत्थरबाजी की घटनाओं ने औद्योगिक शांति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

सतेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि मजदूर आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि वास्तविक श्रमिक हितों की रक्षा करते हुए कानून व्यवस्था को कायम रखा जाए। उन्होंने श्रमिकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं और शांति एवं संयम बनाए रखें। साथ ही ऐसे तत्वों की जानकारी प्रशासन को देने का भी आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि उद्योगों को होने वाला नुकसान अंततः मजदूरों की रोजी-रोटी को ही प्रभावित करता है, क्योंकि उत्पादन प्रभावित होने पर इसका सीधा असर श्रमिकों पर पड़ता है। इसलिए सभी श्रमिक अपने कार्यस्थलों पर लौटें और अपने अधिकारों के लिए कानूनी और संवाद के माध्यम से आगे बढ़ें। सतेंद्र सिंह ने कहा कि आईसीआईएम हमेशा से श्रमिकों के हितों और उद्योगों की स्थिरता के संतुलन के पक्ष में खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने सभी से मिलकर औद्योगिक शांति, विकास और रोजगार की निरंतरता बनाए रखने की अपील की है।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** उनको लेकर हैं हम पूरी तरह बेफिक्र? उन्होंने गंगा जल हाथ में लेकर टिकट ना मांगने की उठाई है कसम? जहां भी हमें एहसास होता है कि उन्होंने पेश किया है अपनी दावेदारी का नजराना? वहीं हम उनकी इस शपथ की कटिंग लेकर पहुंच जाते हैं सनम? हम नहीं चाहते हैं कि उनकी सौगंध पड़े झूठी? इसलिए हम पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं अपनी ड्यूटी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही उन्होंने गंगा जल हाथ में लेकर दावेदारी ना करने की कसम खाई हो साहब? मगर ये भी तो देख लो कि उन्होंने कौन सा हाथ में गंगाजल लेकर ये शब्द कहें है साहब? हम देख रहे हैं कि इसी बैनिफिट ऑफ डाउट का उठा रहे हैं वो पूरा लाभ? पार्टी के हर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने खुद के चुनाव लड़ने के प्रकट किए हैं जज्बात? आदमी वो वाकई में नाईस हैं? ईश्वर पूरा करे उनका ख्वाब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** चल रही थी बाबा साहब के कार्यक्रम को लेकर कार्यालय पर मीटिंग? यहां पर मेल और फीमेल पदाधिकारियों की थी सिटिंग? उन्होंने जानना चाहा सभी से बाबा साहब का इतिहास? मैडम कुछ खास नहीं कह पाई? अब यहां पर उठा दिया बाल्मीकि भैया ने हाथ? उन्होंने पूरे शिद्दत से उनकी पैदाईश से लेकर शिक्षा, माता-पिता की दी जानकारी? सुना है सवाल पूछने वाले को ये जानकारी नहीं लगी प्यारी? उन्होंने कहा आपको बस इतनी बात अपने संबोधन में रखनी है याद? हमारी सरकार ने उनके सम्मान में जो जो किया है, बस बताना है मीटिंगों में इसी बात का इतिहास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर इतना कहकर दे दी उन्होंने सामने वालों को कसम? कहा जो मैंने आपको बताया है वही आपको दोहराना है हर जगह पर सनम? मैं आपकी वीडियो देखकर कर लूंगा इस बात का एहसास? हमें अपने विषय पर फोकस रखना है? इससे ज्यादा कुछ नहीं कहना है साहब? हम हैं पार्टी के वफादार? कसम है सबको खुद की, कि जो मैंने बताया है वही प्रकट करना है विचार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक दल के पास आया है महिलाओं के कार्यक्रम को कराने को लेकर बड़ा टारगेट? सुना है इस टारगेट के तहत 5 हजार की संख्या का मामला करना है फिक्स? मगर स्टोरी में है दीनदयाल उपाध्याय के ऑडिटोरियम का ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा हम लगा रहे हैं इसी बात पर ध्यान? क्या इतनी सिटिंग वहां पर है श्रीमान? जो भी हो सोचने वाले ने सोच-समझकर बनाया होगा यहां पर प्रोग्राम करने का प्लान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने पूछा कि नारी शक्ति वाले प्रोग्राम में आप बहनें बताओ क्या करना चाहिए खास? सुना है यहां पर सभी बहनों ने अपने अपने अंदाज में रखी बात? किसी ने आशा बहनें तो किसी ने संविदा पर काम करने वाली महिलाओं को लाने की कही बात? मगर इस बात में वो नहीं थी बात? सुना है यहां पर उठा दिये मैडम पांडेय ने हाथ? उन्होंने कहा मुद्दा बसों को ले जाने का है? बस यही है मेन बात? सुना है सुनने वाले हो गये पांडेय जी के शब्दों को सुनकर खुश? तुरंत दो बस का टारगेट हाथ उठाते ही उनकी ओर कर दिया गया पुश?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में राधे का नाम लेने वाले श्याम? सुना है उन्होंने अब अपने व्हाट्सऐप ग्रुप को फ्री कर दिया है श्रीमान? पता चला है जब से त्यागी जी के वार्ड में शुरू हुआ है पानी की लाईन डालने का काम? तब से वो फील कर रहे हैं आराम? उन्होंने अपने ग्रुप का ओन्ली एडमिन वाला मोड कर दिया है क्लोज? उन्हें पता था अगर ग्रुप सभी के लिए ओपन रहेगा? तो ताने मिलेंगे रोज? अब मिल गया है पानी की लाईन डालने का बहाना? इसलिए जरूरी हो गया था ओन्ली एडमिन मोड हटाना?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में क्यों नहीं जाना समझा ज्यादा जरूरी? पता चला है शुक्ला जी और उनकी पूरी टीम ने प्रशिक्षण के कार्यक्रम से बना ली थी दूरी? दूरी बनाने की क्या वजह थी श्रीमान? ये फिलहाल बात नहीं हुई है आम? जो भी हो सूचना सही तरीके से ना देने का मिल रहा है यहां पर संकेत? इसलिए पूरी टीम में नहीं दिखाया यहां पर अपना फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता चली है अंदर से बात? वर्तमान वाले मीडिया प्रभारी का पूर्व वाले मीडिया प्रभारी नहीं दे रहे हैं उतना साथ? सुना है पूर्व वालों ने अभी तक नहीं किया है वर्तमान वालों के अपने मीडिया वाले ग्रुप में ऐड? ये वही ग्रुप है जहां पर पूर्व वाले खबरें डालकर दिखाते थे अपना स्वैग? वैसे भी पूर्व वालों का दिल दरिया है और मन बताया जाता है समुंदर? फिर ऐसी क्या वजह है कि वो शर्मा जी को नहीं कर रहे अपने ग्रुप के अंदर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात आप देख रहे हैं श्रीमान? जब से वो बने हैं महानमंत्री तब से वो कर रहे हैं अपने समाज के ही प्रोग्राम? आप उठाकर देख लो उनके बनने से लेकर अब तक का इतिहास? समाज के कार्यक्रमों में उन्होंने तोड़ दिये हैं रिकार्ड? कहने वाले ने कहा महानमंत्री वाली ये पारी उन्हें जरूर देगी कोई बड़ी जिम्मेदारी? इसलिए कर रहे हैं वो समाज के बीच में अपने भविष्य की तैयारी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डासना नगर पंचायत शपथ समारोह में धर्मेश तोमर का विकास पर जोर, डीडी यादव ने संगठन की भूमिका बताई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर पंचायत डसना में आयोजित नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में धौलाना विधायक धर्मेश तोमर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष डीडी यादव मुख्य रूप से केंद्र में रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धर्मेश तोमर ने नव-नामित सभासदों को शपथ दिलाए जाने के बाद उन्हें क्षेत्र के विकास और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। धर्मेश तोमर ने कहा कि नगर पंचायतों की भूमिका स्थानीय विकास की धुरी होती है और सभासदों को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करते हुए डसना को विकास के नए आयाम तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है।

वहीं, कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष डीडी यादव ने संगठन और जनप्रतिनिधियों के तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे तो विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनता को उसका सीधा लाभ मिलेगा।

समारोह में दोनों नेताओं की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बनाया। इस दौरान नामित सभासदों ने अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

# मेयर ने मोहन नगर जोन में सीवर कार्य में तेजी के निर्देश 60 हजार फ्री कनेक्शन से मिलेगा लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर जोन में जल निगम द्वारा चल रहे सीवर लाइन परियोजना की समीक्षा करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जीएम जल के पी आनंद, सहायक अभियंता शेषमणि यादव, अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि करहैड़ा, अर्थला, भोपुरा और पसौंडा सहित करीब 10 वार्डों में सीवर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है।

इन क्षेत्रों में अब तक लगभग 7 हजार फ्री सीवर कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जबकि पूरे जोन में 53 हजार कनेक्शन और दिए जाने बाकी हैं। इस योजना के तहत 400 मिमी से 1600 मिमी तक की लाइन डाली जा रही है, जिसमें उ्हउ, फ्लउ और टर पाइप का उपयोग किया जा रहा है। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां सीवर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है, वहां तत्काल सड़कों का निर्माण कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। साथ ही कार्य के दौरान नियमित छिड़काव करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे मिट्टी बैठ सके और प्रदूषण पर नियंत्रण रहे। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी योजना है, जिसके तहत मोहन नगर जोन में कुल 60 हजार फ्री सीवर कनेक्शन दिए जाने हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### योजना से मिलेगा बड़ा लाभ : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि मोहन नगर जोन में चल रही यह परियोजना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, मैनहोल मजबूत बनाने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सीवर लाइन के बाद तुरंत सड़क निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# भाजपा का वार्ड चलो बूथ चलो अभियान संगठन की मजबूती पर जोर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में लाजपत नगर मंडल के वार्ड 86 में वार्ड चलो, बूथ चलो अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। पार्षद मदन राय के कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें आगामी चुनावी रणनीतियों और बूथ प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महानगर मंत्री अनीता शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को केंद्र व राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और बूथ स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने बैठक का संचालन किया और क्षेत्रवासियों से संगठन की नीतियों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिले को नशा मुक्त और अवैध हथियार मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत सोमवार को एसीपी कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय के नेतृत्व में थाना विजयनगर पुलिस टीम ने एक शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और अवैध हथियारों के खतरों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें कानून के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताते हुए सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी गई। पुलिस ने छात्रों से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें और समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में 25 अप्रैल को 'अस्मिता खेलो इंडिया महिला स्पोर्ट्स लीग' का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी 25 अप्रैल 2026 को 'अस्मिता खेलो इंडिया महिला स्पोर्ट्स लीग' की मेजबानी करेगी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वावधान में जिला ओलंपिक संघ गाजियाबाद द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हैंडबॉल, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।



एचआरआईटी यूनिवर्सिटी परिसर में होने जा रहे इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महिला खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस लीग में जिले समेत अन्य स्थानों की प्रतिभागी भाग लेंगी।

जिला ओलंपिक संघ के अनुसार, इच्छुक टीमें और खिलाड़ी अपने नाम स्कूल, कॉलेज या संबंधित एसोसिएशन के लेटरहेड पर लिखकर 20 अप्रैल तक एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के रिसेप्शन काउंटर पर जमा करा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी प्रकार की रजिस्ट्रेशन फीस नहीं रखी गई है। आयोजकों ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और खेलों में उनकी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 19 अप्रैल को शहरभर में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव इस वर्ष 19 अप्रैल को शहर में हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर महासभा की कार्यकारिणी की बैठक 12 अप्रैल 2026 को राजनगर स्थित फ-9/38 पर जिलाध्यक्ष पं. जयनन्द शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी क्षेत्रीय इकाइयां अपने-अपने क्षेत्रों में हवन, शोभायात्रा और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित करेंगी। साथ ही शाम के समय घरों में भगवान परशुराम का पूजन कर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत संजय नगर स्थित परशुराम शिव मंदिर में प्रातः 7:30 बजे हवन, 10 बजे शोभायात्रा और 12 बजे प्रसाद वितरण होगा। खोड़ा क्षेत्र में 5 मंदिरों में प्रातः 8 बजे हवन एवं 11 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। दुन्डाहेरा के लाल मंदिर में प्रातः 7 बजे हवन और 10 बजे प्रसाद वितरण होगा। राजेंद्र नगर में प्रातः 8 बजे हवन, वसुंधरा के परशुराम चौक पर प्रातः 11 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इंदिरापुरम स्थित जेकेजी स्कूल में सांय 4 बजे परशुराम जयंती कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण होगा, जबकि शास्त्री नगर में शाम 5 बजे हवन का आयोजन होगा। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. जे. के. गौड़, विशेष सचिव आशुतोष शर्मा, जिलाध्यक्ष पं. जयनन्द शर्मा, पं. सुभाष शर्मा, पं. विजय गौड़, पं. सतीश कुमार शर्मा, पं. संजीव शर्मा, राजू पंडित, पं. भवन शर्मा, पं. संदीप शर्मा, पं. रविन्द्र नाथ पाण्डेय, पं. सुभाष शर्मा, पं. हरीश शर्मा, पं. आर. के. शर्मा, पं. शशि कान्त भारद्वाज, पं. अमित भारद्वाज, पं. गौरव शर्मा, पं. नितिन शर्मा, पं. नरेंद्र शर्मा, पं. संदीप शर्मा (नंदग्राम), पं. आदेश शर्मा, पं. डी. पी. कौशिक, पं. कमल किशोर गौड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री आवेश शर्मा ने बताया कि इस बार जन्मोत्सव को व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है।

### 26 अप्रैल को नंदग्राम में होगा सामूहिक जन्मोत्सव आयोजन

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का सामूहिक आयोजन 26 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल, नंदग्राम में किया जाएगा, जहां दोपहर 12 बजे रेणुका माता की रसोई का प्रसाद वितरण होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जो इकाइयां 19 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाएंगी, वे 17 मई 2026 तक किसी भी रविवार को आयोजन कर इसकी सूचना जिलाध्यक्ष या महानगर अध्यक्ष को देंगी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अमेरिकी नाकेबंदी पर ईरान की कड़ी चेतावनी

## नाकेबंदी से टकराव की आशंका तेज

**तेहरान।** अमेरिका द्वारा ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी के एलान के बाद ईरान ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरानी सेना ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो खाड़ी क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। दोनों देशों के बीच बातचीत असफल होने के बाद यह तनाव और बढ़ता हुआ दिख रहा है।

ईरान-अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का एलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है।



ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। क्या बातचीत असफल होने से बिगड़े हालात अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में पाकिस्तान में हुई उच्चस्तरीय बातचीत बेनतीजा रही। अमेरिका ने कहा कि ईरान ने उसकी शर्तें नहीं मानीं, जबकि ईरान ने इस्राइल और अमेरिका के हमलों से हुए नुकसान की भरपाई और अपनी जमी संपत्तियों की रिहाई की मांग रखी थी। इस विफलता के बाद ही नाकेबंदी का फैसला लिया गया। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है और उसके पास जवाब देने के कई विकल्प हैं। वहीं अमेरिका इस कदम से ईरान पर और दबाव बनाना चाहता है। 22 अप्रैल तक लागू संघर्षविराम के बाद हालात और बिगड़ सकते हैं।

### अमेरिका की नाकेबंदी के मायने

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। इसके बावजूद इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है।

# हंगरी में सत्ता परिवर्तन, ऑर्बन की 16 साल की सत्ता खत्म

## चुनाव में विक्टर ऑर्बन को करारी हार, पीटर माग्यार ने भ्रष्टाचार मुद्दे पर जीती बाजी

**ट्रंप-पुतिन समर्थक नेता को बड़ा झटका**

**तेहरान।** हंगरी में रविवार को हुए चुनाव में लंबे समय से सत्ता में रहे प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उनके 16 साल का उनका शासन समाप्त हो गया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### ट्रंप-पुतिन के करीबी माने जाते हैं ऑर्बन

ऑर्बन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने हार स्वीकार करते हुए इसे 'तकलीफदेह' बताया। इससे पहले, अमेरिकी उपराष्ट्रपति



जेडी वेंस भी उनके समर्थन में हंगरी का दौरा कर चुके थे।

### प्रतिद्वंद्वी पीटर माग्यार ने किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा?

चुनाव में विजेता रहे पीटर माग्यार ने भ्रष्टाचार और जनहित के मुद्दों पर चुनाव लड़ा। उन्होंने यूरोपीय संघ व नाटो से संबंध मजबूत करने का वादा किया। उनकी जीत से यूरोपीय राजनीति में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। माग्यार पहले ऑर्बन के सहयोगी रह चुके हैं।

### चुनाव नतीजों का यूरोपीय संघ की नीतियों पर क्या असर पड़ेगा?

विश्लेषकों के अनुसार, इस नतीजे का असर यूरोपीय संघ की नीतियों पर भी पड़ेगा, जहां ऑर्बन अक्सर अहम फैसलों को वीटो कर देते थे और संगठन के भीतर मतभेद बढ़ाते रहे हैं। यह परिणाम वैश्विक दक्षिणपंथी राजनीति के लिए भी झटका माना जा रहा है, क्योंकि ऑर्बन को राष्ट्रवादी राजनीति का एक प्रमुख चेहरा माना जाता था।

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पीटर माग्यार की पार्टी को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिलेगा या नहीं। लेकिन शुरूआती नतीजों में उन्हें स्पष्ट बढ़त मिलती दिख रही है। हार के बाद ऑर्बन ने कहा कि उन्होंने विजेता पार्टी को बधाई दी है और अब वे विपक्ष में रहकर देश की सेवा करेंगे।

### जीत के बाद समर्थकों से माग्यार ने क्या कहा?

डेन्यूब नदी के किनारे जीत के जश्न में जुटे हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए माग्यार ने कहा कि उनके मतदाताओं ने हंगरी के इतिहास को नया आकार दे दिया है। उन्होंने कहा, आज सच की झूठ पर जीत हुई है। हम इसलिए जीते क्योंकि हंगरी के लोगों ने यह नहीं पूछा कि देश उनके लिए क्या कर सकता है, बल्कि यह पूछा कि वे देश के लिए क्या कर सकते हैं और उन्होंने उसका जवाब भी दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई सेना में पहली महिला प्रमुख नियुक्त

**लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल बनीं आर्मी चीफ**

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सेना में पहली बार किसी महिला को प्रमुख बनाया गया है। जुलाई से शुरू होने वाला उनका कार्यकाल देश के रक्षा इतिहास में एक नया अध्याय है। इसके साथ ही वाइस एडमिरल मार्क हैमंड को नया रक्षा प्रमुख और मैथ्यू बकली को नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है।

ऑस्ट्रेलियाई सेना के इतिहास में पहली बार कोई महिला सेना का नेतृत्व करेगी। लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल को ऑस्ट्रेलियाई सेना का नया प्रमुख चुना गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी होंगी। उनका कार्यकाल जुलाई से शुरू होगा। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने इस नियुक्ति की घोषणा की।

**देश के रक्षा इतिहास में ऐतिहासिक फैसला**

उन्होंने सुसान कॉयल को इस पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। सुसान का मानना है कि जब तक महिलाएं किसी ऊंचे पद पर किसी दूसरी महिला को देखती नहीं हैं, तब तक वे वहां पहुंचने का सपना नहीं देख पातीं। उनकी यह



उपलब्धि सेना में काम कर रही और भविष्य में आने वाली महिलाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक होगी।

सुसान कॉयल का करियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा है। उन्होंने 1987 में आर्मी रिजर्व जॉइन किया था। 1992 में उन्होंने डिफेंस फोर्स एकेडमी से ग्रेजुएशन पूरा किया। उन्होंने तिमोर-लेस्ते, सोलोमन द्वीप और अफगानिस्तान में सैनिकों का नेतृत्व किया है। वह पश्चिम एशिया में जॉइंट टास्क फोर्स 633 की कमांडर भी रही हैं। जुलाई 2024 में उन्हें साइबर और स्पेस कमांड की जिम्मेदारी दी गई थी।

सुसान तीन बच्चों की मां हैं और उनके पति भी सेना में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज से पढ़ाई की है। सुसान ने बताया कि जब वह सेना में आई थीं, तब केवल 10 प्रतिशत महिलाएं थीं। उस समय सबसे ऊंचे पद पर केवल एक महिला कर्नल थी। आज सेना में चार महिला थ्री-स्टार जनरल हैं।

सेना के साथ-साथ नौसेना और रक्षा बल में भी बड़े बदलाव हुए हैं। वाइस एडमिरल मार्क हैमंड को नया चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स बनाया गया है। वह एडमिरल डेविड जॉनस्टन की जगह लेंगे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बताया कि हैमंड का नौसेना में 40 साल का शानदार अनुभव है। हैमंड ने 1986 में एक टेक्नीशियन के रूप में शुरूआत की थी। उन्होंने पनडुब्बियों की कमान संभाली और अरबों डॉलर के ऑकस परमाणु पनडुब्बी समझौते पर भी काम किया। इसके अलावा, रियर एडमिरल मैथ्यू बकली को नौसेना का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। मौजूदा रक्षा प्रमुख डेविड जॉनस्टन और सेना प्रमुख साइमन स्टुअर्ट जुलाई में रिटायर हो जाएंगे। जॉनस्टन ने सेना में 48 साल से ज्यादा समय तक काम किया है।

# जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला, मंत्री बोले- निर्णय नहीं लिया

**टोक्यो।** अमेरिका सोमवार से होर्मुज पर अपना पहरा लगाएगा। होर्मुज और परमाणु संवर्धन को लेकर यूएस-ईरान की इस्लामाबाद में बात नहीं बन पाई, जिसके बाद ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट के नाकेबंदी की बात कही। इस बीच समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है।



'समुद्री आत्मरक्षा बल की तैनाती पर निर्णय नहीं' चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुए है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है। किहारा ने कहा, इस वक्त सबसे आवश्यक बात यह है कि होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो और किसी भी तरह के तनाव को कम किया जाए। जापान ने होर्मुज स्ट्रेट में माइनस्वीपर भेजने के फैसले को फिलहाल टाल दिया है। सरकार ने कहा है कि सेल्फ-डिफेंस फोर्स की तैनाती पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। जापान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने और व्यापक समझौते की दिशा में प्रगति पर भी जोर दिया है।

माइनस्वीपर ऐसे खास नौसैनिक जहाज हैं, जो समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटा आवाजाही सुगम बनाते हैं। ये जहाज तकनीक की मदद से पानी के अंदर छिपी माइंस का पता लगाते हैं और उन्हें निष्क्रिय कर देते हैं। जापान टुडे के अनुसार, जापान के पास दुनिया की सबसे सक्षम माइनस्वीपिंग टीम है, जो मुख्य रूप से समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'अवाजी' श्रेणी के आधुनिक एफआरपी जहाजों का उपयोग करती है। ये जहाज फाइबर-रिइन्फोर्स्ड प्लास्टिक (एफआरपी) से बने हैं, जो उन्हें रडार की रेंज से भी बचाते हैं।

# अमेरिका-ईरान तनाव से तेल बाजार में उछाल

**ब्रेंट और क्रूड दोनों में 7-8% उछाल**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बिना किसी समझौते पर सहमति बने खत्म हो गई। इसके बाद से ही आशंका जताई जा रही थी कि कच्चे तेल की कीमतों वृद्धि दर्ज की जा सकती है। शांति वार्ता बेनतीजा रहने के अगले ही दिन तेल की कीमतों पर इसका असर दिखने लगा है।




अमेरिका द्वारा सोमवार से ईरान के बंदरगाहों को नाकाबंदी करने की घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है। शुरूआती कारोबार में रविवार को अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत सात प्रतिशत बढ़कर 102.29 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखा गया है। फरवरी के अंत में युद्ध शुरू होने से पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर यह कभी-कभी 119 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर चला गया था। शांति वार्ता से पहले शुक्रवार को जून डिलीवरी के लिए ब्रेंट 0.8 प्रतिशत गिरकर 95.20 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था।

**होर्मुज पर नियंत्रण और नाकाबंदी का प्रभाव :** ईरान लंबे समय से वैश्विक तेल शिपिंग के लिए महत्वपूर्ण जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रभावी नियंत्रण रखता आया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह नाकाबंदी ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करने या वहां से निकलने वाले सभी देशों के जहाजों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी। हालांकि, यह उन जहाजों को पारगमन की अनुमति देगा, जो गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा कर रहे हैं।

यह ध्यान देने योग्य है कि दुनिया के व्यापारिक तेल का लगभग पांचवां हिस्सा हर दिन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ईरान जैसे प्रमुख तेल निर्यातक देश इसी मार्ग पर निर्भर हैं।

### व्यापारिक जहाजों की आवाजाही पर भी असर

युद्धविराम के बाद के दिनों में भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सीमित रही है। मरीन ट्रैकर्स के अनुसार, युद्धविराम की शुरूआत के बाद से 40 से अधिक वाणिज्यिक जहाजों ने इस मार्ग से आवागमन किया है। अमेरिकी नाकाबंदी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों की संख्या और भी प्रभावित होने की आशंका है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

कच्चे तेल की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है और विभिन्न देशों की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकती है। विशेष रूप से भारत जैसे देश, जो अपनी तेल की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, इस स्थिति से सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। ईरान पर अमेरिकी नाकाबंदी के संभावित दीर्घकालिक आर्थिक परिणाम अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन यह निश्चित रूप से वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता को बढ़ाएगा।

# हमारे बंदरगाह खतरे में पड़े तो पूरी खाड़ी असुरक्षित
## अमेरिकी नाकाबंदी पर भड़का तेहरान

**तेहरान।** अमेरिका की तरफ से होर्मुज नाकाबंदी पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने कहा है कि दुश्मन देशों से जुड़े जहाजों को इस रास्ते से गुजरने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जबकि अन्य जहाजों को ईरानी नियमों के तहत ही आने-जाने दिया जाएगा। इसके साथ ही ईरान ने यह भी दावा किया कि अगर हमारे बंदरगाह खतरे में पड़े तो पूरी खाड़ी असुरक्षित होगी।



पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच ईरान ने अमेरिका की उस योजना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें ईरानी बंदरगाहों की समुद्री नाकाबंदी की बात कही गई है। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर उसकी समुद्री सुरक्षा से छेड़छाड़ हुई, तो पूरे फारस की खाड़ी में कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा असर- ईरान ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के मुताबिक, देश के सैन्य मुख्यालय खातम अल-अनबिया ने बयान जारी कर कहा कि फारस की खाड़ी और ओमान सागर में समुद्री सुरक्षा सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। अगर किसी एक देश की सुरक्षा खतरे में डाली जाती है, तो इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा।

**हमारे क्षेत्रीय जल में हमारा पूरा अधिकार- ईरान**

इस बयान में कहा गया कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं अपने समुद्री अधिकारों और संप्रभुता की रक्षा को अपना कानूनी और स्वाभाविक कर्तव्य मानती हैं। ईरान ने यह भी दोहराया कि उसके क्षेत्रीय जल में उसका पूरा अधिकार है।

# अमेरिकी धमकियों पर ईरान सख्त, संसद अध्यक्ष बोले, दबाव में नहीं झुकेगा ईरान
## ट्रंप की चेतावनियों को बताया बेअसर, बातचीत में प्रगति के भी दिए संकेत

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियों का ईरान पर कोई असर नहीं है और ईरान अपने रुख पर कायम रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान दबाव में नहीं झुकेगा।

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हाल की धमकियों का ईरानी जनता पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, ये धमकियां बेअसर हैं और ईरान अपने रुख पर मजबूत रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में कुछ प्रगति हो रही है।



ईरानी सरकारी मीडिया और अल-जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, गालिबाफ ने कहा कि तेहरान ने बातचीत के दौरान 'बहुत अच्छे प्रस्ताव' दिए हैं, जिससे बातचीत आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा, ट्रंप की हाल की धमकियों का ईरानी जनता पर कोई असर नहीं है।

### बातचीत की मैच पर वापस आएगा ईरान: ट्रंप

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उन्हें भरोसा है कि ईरान आखिरकार अमेरिका की शर्तें मान लेगा। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान वापस बातचीत की मेज पर आएगा। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि वे हमें सब कुछ दें। ईरान के पास कोई ताकत नहीं बची है। उनके पास कोई बढ़त नहीं हैं।

उन्होंने अपनी हालिया सख्त बयानबाजी का बचाव भी किया और कहा कि यही बातचीत शुरू होने की वजह बनी। ट्रंप ने कहा कि ईरान के 'अमेरिका मुदार्बाद' जैसे नारे भी लगते हैं, इसलिए कड़ा जवाब जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी एक टिप्पणी ने ही ईरान को बातचीत की मेज पर ला दिया और वह अभी भी वहीं मौजूद हैं।

### हम किसी भी धमकी के आगे नहीं झुकेंगे: गालिबाफ

उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति को चेतावनी देते हुए कहा, अगर आप लड़ेंगे तो हम भी लड़ेंगे और अगर आप समझदारी से आएंगे तो हम भी समझदारी से बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा, हम किसी भी धमकी के आगे नहीं झुकेंगे। उन्हें हमारी इच्छाशक्ति को फिर से परखने दीजिए, ताकि हम उन्हें बड़ा सबक सिखा सकें।

# हैती में हुई भगदड़ में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 25 हुआ, दर्जनों घायल, कई अभी भी लापता

**हैती।** उत्तरी हैती में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय एक पहाड़ी किले में मची भगदड़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। कैप-हैतीयन शहर के नगर प्रशासन ने एक बयान में कहा कि शनिवार को मिलोट इलाके में हुई भगदड़ में दम घुटने, कुचले जाने और बेहोशी के चलते कई लोगों की जान गई। ऐतिहासिक स्थल पर पारंपरिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा था, जहां भारी भीड़ और कुप्रबंधन के चलते भगदड़ मच गई, जिसमें दर्जनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बयान में कहा गया, 'अत्यधिक भीड़भाड़ के चलते भगदड़ हुई। हैती राष्ट्रीय पुलिस ने एक अलग बयान में




कहा कि घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद मृतकों की संख्या को संशोधित कर 25 कर दिया गया है। रविवार को शवों का पोस्टमार्टम जारी था। पुलिस के अनुसार, 30 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। एजेंसी ने लोगों से अफवाहें न फैलाने और प्रशासन के साथ सहयोग जारी रखने की अपील की है।

# राष्ट्रपति पेजेशकियन ने दिए समझौते के संकेत
## कहा- अमेरिका को छोड़नी होगी दबाव बनाने की नीति



तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि अगर अमेरिका सरकार अपनी सख्त और दबाव वाली नीति छोड़ दे और ईरानी जनता के अधिकारों का सम्मान करे, तो समझौते का रास्ता जरूर निकल सकता है। उन्होंने बातचीत करने वाली टीम के सदस्यों की तारीफ भी की, खासकर अपने सहयोगी डॉ. कालिबाफ की।

ईरान ने समर्थन के लिए भारत को दिया धन्यवाद वहीं, ईरान के सर्वोच्च नेता के भारतीय प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भारत सरकार और यहां के लोगों के समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। नई दिल्ली में ईरानी सांस्कृतिक केंद्र में एक सभा को संबोधित करते हुए इलाही ने कहा, उस व्यक्ति की मृत्यु के बाद 40 दिन बीत चुके हैं, जिसने अपना जीवन मानवता और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा, आज उनकी शहादत के 40वें दिन, हम यहां केवल उनकी याद को सम्मान देने के लिए ही नहीं इकट्ठा हुए हैं, बल्कि हम भारत और भारत के नेक, समझदार और वफादार लोगों के प्रति अपना आभार और धन्यवाद भी व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए हैं। यह सभा शहीद-ए-उम्मत की चेहल्लुम (40वें दिन की स्मृति) के लिए आयोजित की गई थी। इलाही ने कहा, भारत की जनता की प्रतिक्रिया ने साझा सिद्धांतों के प्रति आपसी समर्पण को दिखाया है। पिछले कुछ हफ्तों में दिखाई गई एकजुटता को याद करते हुए प्रतिनिधि ने कहा, इन दिनों में भारत के महान लोगों ने निष्ठा, समझदारी और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का एक अद्भुत उदाहरण पेश किया है।

उन्होंने कहा, स्मृति सभाओं में भारी मौजूदगी यह दिखाती है कि नैतिकता के प्रति वैश्विक सहमति है। इलाही ने कहा, उनकी स्मृति सभाओं में लोगों की उपस्थिति, उनकी दिल से दी गई संवेदनाएं और उनके गहरे मानवीय संदेशों ने दिखाया है कि सत्य की कोई सीमा नहीं होती और जागरूक लोग हमेशा न्याय के साथ खड़े होते हैं।

### अली खामेनेई की मौत के बाद बढ़ा तनाव

86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त सैन्य हमलों में मौत हो गई थी, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ गया। इस त्रासदी के बाद मोजतबा खामेनेई को ईरान के नए सर्वोच्च नेता के रूप में बनाया गया। लेकिन यह सत्ता परिवर्तन अब क्षेत्रीय कूटनीति में बाधाओं के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है।

### होर्मुज के पास आने वाले सैन्य जहाजों को देंगे कड़ा जवाब: ईरान

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड नौसेना ने रविवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास आने वाले सैन्य जहाजों का कड़ा और मजबूती से जवाब दिया जाएगा। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

# बीजिंग पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस
## संयुक्त अरब अमीरात-चीन रिश्तों को मिलेगी नई रफ्तार

**बीजिंग।** संयुक्त अरब अमीरात और चीन अपने रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान चीन के आधिकारिक दौरे पर बीजिंग पहुंच गए हैं। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान चीन के आधिकारिक दौरे पर बीजिंग पहुंच गए हैं। यह दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत करने और नए आर्थिक अवसर तलाशने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।

**रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना उद्देश्य :** इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन के बीच पहले से मौजूद व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना है। दोनों देश खास तौर पर व्यापार, निवेश, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। बदलते वैश्विक और क्षेत्रीय हालात को देखते हुए यह दौरा नए निवेश और विकास के रास्ते खोल सकता है।

उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी साथ पहुंचा बीजिंग क्राउन प्रिंस के साथ एक बड़ा और उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल



### आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक मायने में अहम दौरा


यह दौरा इस बात को भी दिखाता है कि यूएई खुद को एक बड़े वैश्विक व्यापार केंद्र और निवेश के महत्वपूर्ण गेटवे के रूप में स्थापित कर रहा है। वहीं चीन के साथ साझेदारी को मजबूत करके यूएई अपनी अर्थव्यवस्था को और ज्यादा विविध और मजबूत बनाना चाहता है। यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक रिश्तों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

भी मौजूद है। इसमें कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों और निवेश योजनाओं पर भी चर्चा होने की संभावना है।

# होर्मुज के बाद लाल सागर में खतरा
## जहाज पर हमले की कोशिश से बढ़ी वैश्विक चिंता

**क्रू ने फ्लेयर्स से हमला किया नाकाम**

**समुद्री मार्गों पर बढ़ा सुरक्षा संकट**



**अदन।** पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से प्रभावित हुई है। अब लाल सागर में भी सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है। दरअसल एक समूह ने एक जहाज पर हमले की कोशिश की।

पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जमडमरूमध्य में नाकाबंदी से दुनिया परेशान है और अब लाल सागर में भी परेशानी बढ़ती दिखाई दे रही है। दरअसल ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया है कि यमन के तट पर एक सशस्त्र समूह ने लाल सागर में एक जहाज पर हमले की कोशिश की और जहाज पर चढ़ने का प्रयास किया। हालांकि किसी तरह से जहाज पर सवार लोगों ने फ्लेयर्स की मदद से इस हमले को नाकाम कर दिया।

यह घटना लाल सागर में अस्थिरता को दशार्ता है। हथियारबंद लोगों के समूह ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की यूके एमटीओ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि अल हुदैदाह से करीब 54 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में एक नौका पर सवार 10-12 लोगों ने एक व्यापारिक जहाज पर चढ़ने की कोशिश की। इनमें से चार से पांच लोगों के पास स्वचालित हथियार थे। सशस्त्र समूह के लोगों ने जहाज को रोकने की कोशिश की और जब जहाज के कैप्टन ने जहाज रोकने से इनकार कर दिया तो सशस्त्र समूह के लोगों ने जहाज पर जबरन चढ़ने की कोशिश की। इस पर जहाज के क्रू ने फ्लेयर्स की मदद से सशस्त्र समूहों को रोकने की कोशिश की। इसके बाद नौका वहां से निकल गई।

### लाल सागर में भी बढ़ी अस्थिरता और असुरक्षा

यूकेएमटीओ ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। साथ ही लाल सागर में सभी जहाजों को सावधानी से आगे बढ़ने की सलाह दी गई है। लाल सागर में घुसपैठ की यह घटना ऐसे समय हुई है, जब ईरान इस्राइल युद्ध के चलते फारस की खाड़ी और होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बेहद सीमित है और समुद्री सुरक्षा आपातकाल जैसी स्थिति है। इससे पहले अक्तूबर 2023 में जब इस्राइल ने हमास पर हमले किए थे, तब भी बनी थी, जब हमास के समर्थन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया था। हूतियों के हमलों के चलते कई शिपिंग कंपनियां अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप के समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही कर रही हैं। इससे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है। स्वेज नहर में यातायात 50 फीसदी तक गिर गया है और इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी दबाव बढ़ गया है।